e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 253
शनिवार
14.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सफलता हाथों की लकीरों में नहीं, माथे के पसीने में होती है!

## क्विक न्यूज

### गणेश विसर्जन के दौरान नदी में डूबे 10 श्रद्धालु, 5 के शव बरामद

**गांधीनगर।** गुजरात के गांधीनगर जिले के देहगाम में गणेश विसर्जन के दौरान 10 श्रद्धालू पानी में डूब गए। इनमें से पांच लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है। मौके पर प्रांतीय अधिकारी और फायर ब्रिगेड का काफिला पहुंच गया है।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पाटन की सरस्वती नदी में गणेश विसर्जन के दौरान 5 लोग डूब गए थे, जिसके बाद अब देहगाम में भी ऐसा ही हादसा देखने को मिला है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, देहगाम के वासना सोगाथी गांव से गुजरने वाली मेश्वो नदी में गणेश विसर्जन के दौरान 10 लोग डूब गए।

### नेपाल में कृषि एक्सपो मेला के भ्रमण पर गया जेडपीएस के साठ छात्रों का दल

**अररिया :** जिले के जोगबनी स्थित जेनिथ पब्लिक स्कूल के वर्ग नौ और दस छात्रों का दल शुक्रवार को नेपाल के विराटनगर स्थित कृषि बाजार समिति में लगे चार दिवसीय कृषि एक्सपो मेला में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। कृषि एक्सपो मेला के अध्यक्ष सह कोसी व्यापार एवं उद्योग संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र राउत के विशेष आमंत्रण पर एक दिन के भ्रमण पर छात्रों का दल रवाना हुआ। स्कूल के निदेशक खुर्शीद खान,वरिष्ठ शिक्षक इरफान अली,राजीव भट्टाचार्य और गणेश ठाकुर के नेतृत्व में छात्रों का दल रवाना हुआ।एक्सपो मेला में स्कूली बच्चों को दुर्लभ जड़ी बूटी, धान, गेहूं, दलहन, खड़ी फसल एवं कृषि की अत्याधुनिक तकनीकों को लेकर जानकारी दी गई।मेला आयोजक द्वारा सभी स्कूली बच्चों को उपहार भेंट किया। वहीं स्कूल के निदेशक खुर्शीद खान ने आयोजक को स्कूल की ओर से मोमेंटो और शॉल भेंट की गई।

### फोर्ड भारत में फिर से करेगी वापसी, चेन्नई प्लांट से शुरू होगी मैन्युफैक्चरिंग

**नई दिल्ली :** अमेरिकी कार निर्माता कंपनी फोर्ड ने भारत में अपनी वापसी का ऐलान किया है। कंपनी ने तीन साल पहले भारतीय बाजार से बाहर जाने की घोषणा की थी लेकिन अब फोर्ड ने एक नई रणनीति के तहत भारत में फिर से कदम रखा है। फोर्ड ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि वह निर्यात के लिए वाहन बनाने हेतु अपने चेन्नई विनिर्माण संयंत्र का उपयोग करने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने बताया कि उसने इसकी सूचना तमिलनाडु सरकार को दे दी है। दरअसल, कंपनी ने 2021 में कहा था कि वह भारत में वाहनों का विनिर्माण बंद कर देगी लेकिन अब उसने तमिलनाडु सरकार को एक आशय पत्र दिया है, जिसमें निर्यात के लिए निर्माण करने हेतु चेन्नई संयंत्र का उपयोग करने के इरादे की पुष्टि की गई है।

### राहुल गांधी विदेश में भारत के खिलाफ करते हैं बयानबाजी रामदास अठावले

**धर्मशाला :** केंद्रीय सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने शुक्रवार को अपने धर्मशाला दौरे के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दलित आरक्षण को लेकर गलत बयानबाजी करने पर राहुल गांधी पर हमला बोला।केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले एशिया-प्रशांत सम्मलेन में बतौर मुख्यवक्ता हिस्सा लेने के लिए धर्मशाला पहुंचे हैं। यहां अठावले ने कहा कि राहुल कहते हैंकि भारत में लोकतंत्र नहीं है, अगर ऐसा है तो फिर उनकी 99 सीटें कैसे आ गईं।

### डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स की वैक्सीन को दी मंजूरी

**जिनेवा :** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वयस्कों के लिए एमपॉक्स की पहली वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। डब्ल्यूएचओ ने शुक्रवार को कहा कि यह अफ्रीका और अन्य स्थानों पर इस बीमारी से लड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बवेरियन नार्डिक कंपनी की इस वैक्सीन को यूनिसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन खरीद सकेंगे। हालांकि इसकी आपूर्ति सीमित रहेगी। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अघानम घेब्रेयेसस ने कहा, एमपॉक्स रोधी वैक्सीन की पहली प्री क्वालिफिकेशन इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम है।

**रांची का तापमान**

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोकारो एवं रामगढ़ जिले को सीएम ने लगभग 753 करोड़ रुपए की 733 योजनाओं का दिया तोहफा

# आधी आबादी को बना रहे हैं सशक्त : हेमंत

**झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना की 45 लाख से ज्यादा बहन-बेटियों के खाते में दूसरे किस्त की सम्मान राशि का सीएम ने किया हस्तांतरण**

**मुख्यमंत्री ने कहा आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें, हम आगे भी आपके बीच कई और नई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आएंगे**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हमारी सरकार गांव-गांव पहुंच रही है। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर पूरा सरकारी तंत्र मौजूद है। आप आगे आएं और राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने को सशक्त बनाएं। आपकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव हमारी प्राथमिकता है। आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें। हम आगे भी आपके बीच कई नई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आएंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित ÷आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार÷ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि एक वैसा भी वक्त था, जब आपको सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। दलालों के चक्कर में पड़कर आप अपना पैसा भी गंवाते थे और योजना का लाभ भी नहीं मिलता था। लेकिन, हमारी सरकार ने इस तरह से नीतियां और योजनाओं को लागू करने का काम किया है, जिससे आपको ना तो बार-बार ब्लॉक ऑफिस जाना पड़ता है और ना ही दलालों के आगे- पीछे घूमना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण की दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना लागू करने का हमारी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है।सरकार आधी आबादी को सशक्त बना रही है।

### सरकार के फैसलों से आम-अवाम खुश : हेमंत

**हर बूढ़ा-बुजुर्ग को मिल रहा पेंशन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इसका परिणाम है कि आज कोई भी बूढ़ा- बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। अब पेंशन योजना से जुड़ने के लिए आपको इंतजार नहीं करना पड़ता है। जैसे ही आपकी उम्र पेंशन पाने की योग्य हो जाती है, आपको उसका लाभ मिलना प्रारंभ हो जाता है।



**किसानों -पशुपालकों के आमदनी में बढ़ोतरी के लिए लगातार हो रहा प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले झारखंड प्रदेश में किसानों और पशुपालकों को सशक्त बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई हैं। एक तरफ किसानों के दो लाख रुपए तक का लोन माफ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है तो दूसरी तरफ बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना और दीदी बाड़ी योजना जैसी अनेकों योजनाओं के जरिए किसानों को वैकल्पिक कृषि के साथ उनके आय में बढ़ोतरी के लिए प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान सशक्त बनेंगे तभी हमारा राज्य मजबूत बनेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार गांव और देहात से चल रही है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकें।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित

कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री बेबी देवी, विधायक लम्बोदर महतो, विधायक कुमार जयमंगल सिंह,राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो, झारखण्ड राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागु बेसरा, पूर्व विधायक ममता देवी, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, आईजी, कोयला प्रक्षेत्र डॉ एस माइकल राज, डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा के अलावा रामगढ़ एवं बोकारो जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

### 200 यूनिट बिजली फ्री, बकाया बिजली बिल भी माफ

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आज आपको 200 बिजली फ्री दे रही है, वहीं बकाया बिजली बिल को माफ करने का भी निर्णय हमारी सरकार ने लिया है। जिसका फायदा इस राज्य के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को रहा है। हमारी कोशिश राज्य की जनता को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत और सुविधा देना है, ताकि वे प्रगति की राह पर आगे बढ़ सकें।

### बोकारो को 302 और रामगढ़ जिले को 431 योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में बोकारो एवं रामगढ़ जिले को लगभग 753 करोड़ 44 लाख हजार रुपए की 733 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत 40872.20 लाख रूपए की 431 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है, जबकि बोकारो जिला अंतर्गत 52594.26 लाख रूपए की 302 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास संपन्न हुआ। वहीं,दोनों जिलों के हजारों लाभुकों के बीच लगभग 342 करोड़ 90 लाख रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ।

### सरकार से जुड़े अंगों की समस्याओं का भी हो रहा समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों की लंबित समस्याओं का समाधान करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। चाहे सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना देना हो या फिर जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका जैसे सरकार से जुड़े अन्य कर्मियों की मांगों को पूरा कर हम उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का भी काम कर रहे हैं। आज हमारे द्वारा लिए जा रहे निर्णयों से हर किसी के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा : अनुचित थी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी**

# अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत

**सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जमकर लगाई फटकार**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस उज्जल भुइंया ने शुक्रवार को केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को जमकर फटकार लगाई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुनाते हुए जस्टिस भुइंया ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी अनुचित थी। जस्टिस भुइंया ने सीबीआई की आलोचना करते हुए कहा कि उसे पिंजरे में बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए। उन्होंने सीबीआई द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार करने के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि सीबीआई की गिरफ्तारी का उद्देश्य केजरीवाल को जेल से बाहर आने से रोकना था। जस्टिस भुइंया ने कहा कि सीबीआई देश की एक प्रमुख जांच एजेंसी है। यह जनहित में है कि सीबीआई न केवल निष्पक्ष दिखे, बल्कि उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाली किसी भी धारणा को दूर करने की भी उसे हरसंभव कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून के शासन द्वारा संचालित लोकतंत्र में धारणा मायने रखती है। जांच एजेंसी को निष्पक्ष होना चाहिए। कुछ समय पहले इसी अदालत ने सीबीआई की निंदा करते हुए इसकी तुलना पिंजरे में बंद तोते से की थी। यह जरूरी है कि सीबीआई इस धारणा को दूर करे।

### जेल की सलाखें मुझे कमजोर नहीं कर पाई अरविंद केजरीवाल

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से रिहा हो गए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर निकलने के बाद समर्थकों का अभिवादन किया।तिहाड़ से बाहर आने के बाद केजरीवाल ने कहा कि भगवान ने मेरा साथ दिया।

मैं सही था, इसलिए बाहर आया। भावुक होते हुए उन्होंने कहा,मैं देशविरोधी ताकतों से लड़ूंगा। इन लोगों ने मुझे जेल भेजा। मेरा हौंसला 100 गुणा बढ़ गया है। जेल की सलाखें मुझे कमजोर नहीं कर पाई, आपकी दुआओं के कारण आज मैं बाहर हूं। मेरे खून का कतरा-कतरा देश के लिए है।

# पोर्ट ब्लेयर का नाम अब श्री विजयपुरम होगा : अमित शाह



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर विजयपुरम कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में पोर्ट ब्लेयर के नए नाम का एलान किया गया। अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी विजन के तहत देश को औपनिवेशिक पहचान से मुक्त करने के लिए हमने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजय पुरम करने का निर्णय लिया है। अब गुलामी का एक और निशान मिटा दिया गया है। उन्होंने लिखा कि पहले के नाम में औपनिवेशिक विरासत थी। विजय पुरम स्वतंत्रता संग्राम में हासिल की गई जीत और उसमें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की अद्वितीय भूमिका का प्रतीक है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हमारे स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में अद्वितीय स्थान है। यह द्वीप क्षेत्र जो कभी चोल साम्राज्य के नौसैनिक अड्डे के रूप में कार्य करता था, आज हमारी रणनीतिक और विकास आकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार बनने के लिए तैयार है। यह वह स्थान भी है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने तिरंगे को पहली बार फहराया था और वह सेल्युलर जेल भी है जहां वीर सावरकर और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संघर्ष किया था। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर अंग्रेजों का दिया नाम है। पोर्ट ब्लेयर औपनिवेशिक नाम था। पोर्ट ब्लेयर में अंग्रेज काले पानी की सजा वाले कैदियों का पर अत्याचार किया जाता है। इसका नया नाम श्री विजय पुरम स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति में है।

# वकीलों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने को लेकर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट राज्य 33 हजार वकीलों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। हाई कोर्ट की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने ट्रस्टी कमेटी के 15 हजार अधिवक्ताओं के लिए ही स्वास्थ्य बीमा करने का निर्णय लिया है। उनकी ओर से कहा गया कि राज्य में 33 हजार हजार वकील हैं, इन सभी को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलना चाहिए। इसके अलावा वकीलों के परिवार को भी स्वास्थ्य स्कीम से जोड़ने का उन्होंने आग्रह किया। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सभी अधिवक्ताओं को ट्रस्टी कमेटी से भी जोड़ दिया जाएगा, जिस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस संबंध में निर्णय लेकर कोर्ट को अवगत कराया जाएगा। मामले में विदेश कुमार धन ने जनहित याचिका दाखिल कर राज्य के सभी अधिवक्ताओं को हेल्थ बीमा करने का आग्रह किया है।सात जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के वकीलों के साथ सीधा संवाद किया था।

# राष्ट्रपति दौरा को लेकर रांची में 19 और 20 सितंबर को नो फ्लाई जोन घोषित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची भ्रमण कार्यक्रम 19 और 20 सितंबर को प्रस्तावित है । रांची डीसी के निर्देश पर शुक्रवार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से रांची में नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। राष्ट्रपति के बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट से राजभवन और कार्यक्रम स्थल के आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून पूर्णतः वर्जित रहेगी ।

सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत नो फ्लाई जोन के अलावा अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगाते हुए नो ड्रोन जोन घोषित किया है। ये निषेधाज्ञा 19 और 20 सितंबर को सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगा।इसके अंतर्गत 19 सितंबर को बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट से हिनू चौक से बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक से राजभवन और 20 सितंबर को राजभवन से अरगोड़ा चौक से कडरु होते हुए राजेन्द्र चौक से सदाबहार चौक से आईसीएआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंड्री एग्रीकल्चर नामकुम के 200 मीटर की परिधि को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है।






# पलामू में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा कचरा मुक्त भारत अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाकर उपायुक्त श्री रंजन ने जिले में स्वछता ही सेवा, कचरा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित किया जायेगा।अभियान के दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई,स्वच्छता कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप शिविर, दीवाल लेखन एवं चित्रण,



स्वच्छता चौपाल आदि गतिविधियों का संचालन किया जायेगा।इसके साथ ही समुदाय को अपने गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने के लिए जन भागीदारी, अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों को अपनाने एवं उपयोगिता शुल्क संग्रहण के प्रति विशेष रूप से उत्प्रेरित किया जाएगा। इस वर्ष स्वभाव स्वच्छ्ता, संस्कार स्वच्छ्ता को थीम बनाया गया है।इसके तहत सभी सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, विभिन्न कार्यालय में अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अभियान में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पर विशेष रूप से जोर दिया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत गांव में कूड़ा-कचरा को हटाने, प्लास्टिक अपशिष्ट को साफ करने, नालियों की साफ-सफाई, नदी पोखर, पईन एवं अन्य जलस्रोतों को स्वच्छ बनाने हेतु सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा जहां ज्यादा आवागमन वाले स्थलों यथा-बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों, हाट-बाजारों पर भी साफ-सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर इस अभियान को सफल बनाने की बात कही। मौके पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन,उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, मेदिनीनगर सदर के अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, डीएसओ प्रीति किस्कु, सिविल सर्जन डॉ अनिल समेत अन्य उपस्थित रहे।

## चुनावी वादों से मुक्कर रहीं हैं गठबंधन की सरकार : ज्योति पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** प्रखंड क्षेत्र के बरांव पंचायत में जिला महामंत्री भाजपा युवा नेता ज्योति पांडे ने जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं बरांव पंचायत के सभी युवाओं से मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा किया।मौके पर ज्योति पांडे ने कहा कि झारखंड के गठबंधन की सरकार युवा विरोधी सरकार हैं मुख्यमंत्री चुनाव समय बड़ी बड़ी बाते युवाओं के बीच जाकर करते हैं लेकिन उनकी बाते युवाओं के लिए चुनावी लुक लुभावन बनकर रह जाती हैं ऐसे सरकार को हमारे राज्य के युवा इसबार इनकी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी युवा समझ चुके हैं की राज्य में भाजपा की सरकार आएगी तभी हमारा जाकर बेरोजगारी दूर होगी और रोजगार मिलने का असार होगा बेरोजगारी व महंगाई से तंग हैं हमारे राज्य के युवा और युवाओं का सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदान होती हैं जो युवा इसबार गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंककर भाजपा का राज्य में मजबूत सरकार बनाने का काम करेंगी।

## समय से पहले स्कूल में ताला, शिक्षक गैरहाजिर





**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आखिर कैसे संवरेगा बच्चों का भविष्य, जब समय से पहले ही स्कूल में ताला लगा दिया जाएगा। ऐसा ही हाल चैनपुर स्थित बहेरवा न्यू प्राथमिक विधालय चैनपुर 1 का प्रधानाध्यापक अशोक प्रसाद व शिक्षक अशोक कुमार ने बच्चों को छूटी कर स्कूल दो बजे ही बंद करके स्कूल से नदारद हो गए। जबकि सरकार के आदेशानुसार सरकारी स्कूल को तीन बजे बन्द करना है लेकिन शिक्षको ने सरकार की नियम कानून का धजिया उड़ाते हुए दो बजे ही स्कूल बंद कर स्कूल से अनुपस्थित हो जाते हैं। जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्या लय से महज़ तीन कि.मी की दूरी पर न्यू प्राथमिक विद्यालय बहेरवा में स्थित हैं लेकिन शिक्षको को अधिकारी व बच्चों का प्रवाह नहीं हैं वो सरकार के कानून को ताक पर रखते हुए अपना नियम कानून से स्कूल का मनमानी तरीके से संचालन कर रहें हैं।इधर इस संदर्भ में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नंद किशोर तिवारी से जानकारी लिया तो उन्होंने कहा कि हमारा संज्ञान में नहीं हैं की शिक्षक ऐसा कर रहें हैं जानकारी मिली हैं तो जांच कर वैसे शिक्षक पर कार्रवाई करेंगे।

# ललगाड़ा पंचायत में लगा शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार के अति सुदूरवर्ती पंचायत ललगाड़ा आपकी योजना, आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की प्रारंभ प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी व बीस सूत्रीय अध्यक्ष श्री उदय पासवान और बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार पंचायत के मुखिया किरान्ति देवी संयुक्त रूप से दीप प्रजावलित किया। मौके पर कार्यक्रम के सम्बोधन करते हुए कहा कि मंईया सम्मान योजना की दूसरी किस्त करमा पूजा को देखते हुए 15 सितम्बर से खाते मे भेजने का निर्णय लिया गया है। वही प्रखंड प्रमुख ने कहा कि वैसे बहन बेटी जिनकी आयु 18 वर्ष पुरा कर चुके है मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना से वंचित रहे गये अपने अपने पंचायत मे सभी कागजात के प्रज्ञा केंद्र मे जान ऑनलाइन कराने की बात





कही। इस शिविर मे सबसे ज्यादा अबुवा आवास, पेंशन और अबुआ स्वास्थ बीमा योजना के लिए बड़े पैमाने पर आवेदन आया। इस शिविर मे सभी विभाग की स्टॉल लगाई गई और शिविर मे पेंशन व अन्य कार्य की निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। मौक पर बीपीएम सुनील प्रसाद गुप्ता, पंचायती राज पदाधिकारी पदाधिकारी श्री विनोद कुमार राम,प्रभारी खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी यादव, बीस सूत्रीय सदस्य परवेज आलम, पंचायत समिति सदस्य के अलवा स्वाथ्य कर्मी, अंचल निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, राजस्व कर्मचारी श्री जगत राम समेत काफी संख्या मे जन प्रतिनिधि व ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## प्रबंधन समिति का किया गया पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के मर्चवार ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के माता पिता व अभिभावकों की बैठक आयोजित कर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित संकुल साधन सेवी सुबोध कुमार ने उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के लिये नियमावली की जानकारी देते हुये विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का चयन करने का अनुरोध किया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने सर्वसम्मति से गीता देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, नीलम देवी, सुनीता देवी, मनी देवी, अशोक राम, सूर्यदेव चौधरी, अजय चौधरी, संतोष राम, गंगा राम का चयन किया। चयनित सदस्यों की बैठक कर सर्वसम्मति से अशोक राम को अध्यक्ष तथा सुनीता देवी को उपाध्यक्ष तथा गीता देवी को संयोजिका के लिये चयनित किया गया। संकुल साधन सेवी सुबोध कुमार ने विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन शांति पूर्वक किये जाने पर उपस्थित अभिभावकों व विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अवैध बालु भंडारण किया गया जप्त

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा के निर्देश पर अंचल अधिकारी हुसैनाबाद पंकज कुमार ने सोन नदी के समीप बुधुआ व बड़ेपुर गांव के आस पास से लगभग 100 ट्रैक्टर डंप किया गया बालू को जब्त किया है।इस कार्रवाई में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार पुलिस बल के साथ शामिल थे। इस संबंध में अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि निर्देशानुसार हुसैनाबाद अंचल क्षेत्र के बुधुआ व बड़ेपुर गांव के पास डंप कर रखें करीब 100 ट्रैक्टर बालू को जब्त किया गया है, जिसको तहसील कचहरी में अभिरक्षित कर रखा गया है।

**JHARKHANDSTATETRIBALCOOPERATIVEDEVELOPMENTLTD.**
(ScheduleTribe,ScheduleCast,Minorities&BackwardClassWelfareDepartment,Govt.ofJharkhandUndertaking)
1St FloorKalyanComplex,BaliharRoad, Morabadi,Ranchi-834008, Phone: (0651)2552398
E-mail:tcdc.jharkhand@gmail.com

**Expression of Interest**

Jharkhand State Tribal Cooperative Development Corporation Limited, Ranchi invites sealed envelopes (two envelope system) from reputed and experienced Agencies/Firm for purchase and installation of Tally Prime at its Head Office in Ranchi, 05 branches in respective divisional headquarters and office of the District Welfare Officer in remaining 19 districts.

**Scope of Work:**
1. Supply of Tally Prime software licenses (JSTCDC head office and is 5 branch offices and office of District Welfare Officer in 19 districts)
2. Installation and configuration of software at all district offices
3. Training of personnel at each district/branch office
4. Providing technical support and maintenance for a period of three year

**Eligibility Criteria:**
1. The vendor should be an authorized partner of Tally Solutions Pvt. Ltd.
2. The vendor should have experience in implementing Tally Prime in government or large-scale organizations
3. The vendor should have a strong technical support team.

Interested Firms/ Agencies are requested to provide the sealed quotation (sealed in two separate envelopes packed/sealed in outer envelope) (inclusive of all taxes & duties) for Tally Prime work at specified offices in the prescribed format attached herewith on or before 25-09-2024 by 3.00 p.m. IST at the office of The Jharkhand State Tribal Cooperative Development Corporation Ltd.(JSTCDC), 1st Floor, Kalyan Complex, Balihar Road, Ranchi– 834008 (Jharkhand).

**Terms andConditions:**
1. The bidder shall quote rates for the above-mentioned items only.
2. Each bidder can submit only one quotation. There will be two separate envelopes mentioning Technical Bid and Financial Bid, sealed in two separate envelopes.
3. The Technical Bid should include following documents for company / firm:-
   A. Copy of registration of the firm
   B. Authorization to Tally Prime,
   C. Proof of GST registration
   D. Proof of PAN registration
   E. Income Tax Return of last three years (AY 2021-22 to AY 2023-24)
   F. Proof of Annual Turn Over Rs.30,00,000/-or above and
   G. Details of Bank Account.
4. No advance payment will be made under any circumstances.
5. The rate quoted shall include all costs and applicable taxes and duties.
6. The selected Firm/ Agency has to deliver the product within 7 days of the issuance of the Purchase Order.
7. JSTCDC reserves the right to modify the required numbers or cancel the items partially or in whole.
8. Payment will be made after successful installation and training of Tally Prime.
9. The work order (technical support and maintenance) shall be valid for 3 years subject to evaluation of performance and satisfaction of Corporation after each year.

Date :
Place: Ranchi
PR 335695 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 24-25 (D)
Managing Director

# गरीब असहाय लोगों का सहयोग करना सबसे बड़ा धर्म : रानी सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** प्रखंड क्षेत्र के पतरिया खुर्द में डॉक्टर रोहित पांडे ने 15.09.24 दिन रविवार को शिविर कैंप लगाकर पंचायत वासियों का निशुल्क इलाज करने का काम करेंगे।यह जानकारी पंचायत के मुखिया रानी सिंह ने दिया। मौके पर रानी सिंह ने निशुल्क शिविर का आयोजन में सभी ग्राम वासियों को निशुल्क इलाज कराने के लिए शिविर में आने का अपील किया साथ ही जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वधान में प्रचार प्रसार गाड़ी को अपने आवास से हरी झंडी दिखाकर मुखिया रानी सिंह व जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने रवाना किया और उन्होंने कहा कि शहर के जाने माने चिकित्सक रोहित पांडे ने समाज का उत्थान के लिए निशुल्क शिविर लगाने का निर्णय पतरिया खुर्द पंचायत के कटुअल हाई स्कूल के प्रांगण में ग्रामीणों का निशुल्क इलाज करने का निर्णय लिया हैं। वहीं पूर्व मुखिया विवेक सिंह ने कहा कि चिकित्सक रोहित पांडे ने सराहनीय कार्य करने का निर्णय लिया है निशुल्क शिविर में ग्रामीणों को आगे बढ़ चढ़कर इलाज कराने की जरूरत हैं।

# पाटन सीओ ने विवादित उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन के सगुना पंचायत के ग्राम नवादा में अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा उप स्वास्थ्य निर्माण केंद्र में हो रहे व्यवधान की जांच करने स्थल पहुंचे सभी ग्रामीण से पूछताछ किया एवं सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिए। उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण डोर लेवल तक हो चुका है उक्त स्थल पर पूर्व से जर्जर स्थिति में पंचायत भवन चारदीवारी के अंदर अवस्थित है फिर भी एक व्यक्ति विशेष के द्वारा आवासीय मकान बात कर सरकारी भवन को कब्जाने के नियत से ठेकेदार के साथ हंगामा करने एवं निर्माण कार्य को गिरा दिया जा रहा था। अंचलाधिकारी प्रवीण सिंह के द्वारा आश्वासन दिया गया की बहुत जल्द त्वरित कार्रवाई कर गलत करने वाले लोगों के ऊपर कारवाई की जाएगी।

## जिला परिषद की भूमि का किया जा रहा है अतिक्रमण, हो त्वरित कार्रवाई : रंजनी शर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** झारखंड जिला परिषद सदस्य महासभा के संस्थापक सह गढ़वा भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गढ़वा को पत्र लिखकर गढ़वा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में जिला परिषद की भूमि को स्थानीय व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किए जाने के मामले में यथाशीघ्र सीमांकन कराते हुए हो रहे अतिक्रमण से बचने की निवेदन कीया है।दिए गए पत्र में रंजनी शर्मा ने कहा कि जिला के सभी प्रखंडों में जिला परिषद की भूमि का अतिक्रमण स्थानीय व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है जो कि अवैध है। उन्होंने उप विकास आयुक्त से अनुरोध किया है कि वे यथाशीघ्र सीमांकन कराते हुए हो रहे अतिक्रमण से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाएं साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गढ़वा जिला परिषद की भूमि का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।
**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा संख्या– 20/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 13.09.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/121/ 2024-25 | कान्हाचट्टी | चारू | सिंगरखा | रितलाल यादव के घर से शिबु यादव के घर तक PCC पथ निर्माण | 3361800.00 | तैंतीस लाख इकसठ हजार आठ सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/122/ 2024-25 | कान्हाचट्टी | चिरीदीरी | पुरनीहेसाग | REO रोड से नईकी हेसाग मोड़ होते हुए छठ घाट तक PCC पथ निर्माण | 9354200.00 | तिरानबे लाख चौअन हजार दो सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ CHATRA/123/ 2024-25 | कान्हाचट्टी | चिरीदीरी | कान्हाचट्टी | REO रोड होते हुए प्रेम सागर के घर तक PCC पथ निर्माण | 4115900.00 | इकतालीस लाख पन्द्रह हजार नौ सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/ CHATRA/124/ 2024-25 | कान्हाचट्टी | कैन्डीनगर | कौदे | रामदेव साव के घर से गुरूदेव यादव के घर तक PCC पथ निर्माण | 4137300.00 | इकतालीस लाख सैंतीस हजार तीन सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/ CHATRA/125/ 2024-25 | कान्हाचट्टी | राजपुर | राजपुर | शिवमंदिर टोला स्कुल से रंजन दांगी के घर तक PCC पथ एवं पुलिया निर्माण | 3056000.00 | तीस लाख छप्पन हजार मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/ CHATRA/126/ 2024-25 | कान्हाचट्टी | राजपुर | राजपुर | दिलीप माली के घर से शम्भु पासवान के घर तक PCC पथ एवं पुलिया निर्माण | 8057900.00 | अस्सी लाख सन्तावन हजार नौ सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 7 | RWD/ CHATRA/127/ 2024-25 | कान्हाचट्टी | तुलबुल | तुलबुल | टोला परसौनी में तालकेश्वर यादव के घर से गोविन्द यादव के घर तक PCC पथ एवं गार्डवाल निर्माण | 4987700.00 | उन्चास लाख सतासी हजार सात सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 8 | RWD/ CHATRA/128/ 2024-25 | कान्हाचट्टी | जमरी बकसपुरा | [illegible] | महेन्द्र भुईया के घर से जिला परिषद रोड तक PCC पथ निर्माण | 2879400.00 | अटठाईस लाख उनासी हजार चार सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 9 | RWD/ CHATRA/129/ 2024-25 | कान्हाचट्टी | जमरी बकसपुरा | पकरी | देवी मण्डप से लेकर भुईयाँटोली तक PCC पथ निर्माण | 5051200.00 | पचास लाख इक्यावन हजार दो सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.10.2024 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.10.2024 अपराहन 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 335836 Rural Work Department(24-25)D

# शिक्षा के क्षेत्र में हुसैनाबाद में हुये है उल्लेखनीय कार्य : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रखंड के दंगवार में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने का काम किया। शुक्रवार को विद्यालय का विधिवत उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किया। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य सड़क समेत सभी कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का काम किया है। हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में उच्च विद्यालय व प्लस टू उच्च विद्यालय की अब कमी नहीं है। नामांकन को लेकर मारा मारी की समस्या इस वर्ष से खत्म हो गई। अब विद्यार्थियों का नामांकन आसानी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि दंगवार इलाके में उच्च विद्यालय की कमी महसूस की जाती थी, इसे प्राथमिकता के आधार पर कराने का काम उन्होंने किया है। आने वाले दिनों में प्लस टू उवि की मान्यता भी दिलाने का प्रयास



करेंगे।साथ ही बगल के डिग्री कालेज में पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। घर का खाना खा कर विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एके सिंह डिग्री कालेज का पुनरोद्धार करने के साथ साथ क्षेत्र के कई विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय व प्लस टू उवि का दर्जा दिलाने का काम किया है। जिससे गांव के बच्चे बच्चियों को शिक्षा ग्रहण करने घर से अधिक दूर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हुआ है, यह देखने की चीज है। और जिन्हें विकास नहीं दिख रहा है, उन्हें जनता खुद दिखा देगी। विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विनय पासवान, हेडमास्टर राम प्रवेश राम, शिक्षक विजय कुमार पासवान, मनोज गुप्ता, मुकेन्द्र चौधरी, हसन खलीफा , अनुज गुप्ता, मनीष गुप्ता, डॉ अखिलेश, हीरा सिंह, रजनीश सिंह, हंसराज सिंह, विजय राजवंशी, सतेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, रतन लाल, रजनीश मिश्रा, अजय चंद्रवंशी, रामवृक्ष पासवान, पिंटू सिंह, दीपक, प्रभात सिंह, चंदन पासवान, इरसाद सभी उपस्थित रहें।

## कजरी में सरकार आपके द्वार के तहत लगा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा :** झारखंड सरकार का महत्वकांक्षी शिविर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शुक्रवार को कजरी पंचायत सचिवालय में लगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया रंजना कुमारी सिंह उप प्रमुख धर्मवीर सिंह व उप मुखिया रीमा देवी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने कहा कि सरकार स्वयं चल कर आपके द्वार आयी है।कहा कि सरकार का सोच आप सभी को अपने कार्यो को ले इधर उधर भटकना नहीं पड़े हैं ।आप सभी अपने आवश्यकता अनुसार अपना आवेदन का पंजीकरण संबंधित स्टोल से करा लें। मौके पर उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ने कहा कि आप सभी जनता सरकार की योजना का लाभ लें। कहा कि आप सभी कोई भी परेशानी हो मैं हमेशा आप सभी के साथ हूं। कहा कि आप सभी को सभी सरकारी सुविधाएं मिले इसके लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा। मौके पर सीओ हलधर कुमार सेठी ने बताया कि आज प्रथम चरण का शिविर कजरी में समाप्त हुआ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, शनिवार, 14 सितंबर 2024 | पेज 3

संक्षिप्त खबरें

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान व फाइनेंस कंपनी के दफ्तर में लगी आग

**रांची।** तुपुदाना ओपी इलाके में एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान सहित एक फाइनेंस कंपनी का दफ्तर में आग लगने से सब जलकर राख हो गई। इस आग लगी में इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार के मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। दमकल के वाहनों ने 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह दुकान स्वर्णरेखा नदी के स्थित अनीश सिंह के इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह लगभग 4 बजे के करीब दुकान से आग की लपटें दिखाई दीं, जिसके बाद अग्निशमन विभाग को मामले की जानकारी दी, लेकिन आग इतनी तेजी के साथ फैली कि देखते ही देखते इलेक्ट्रॉनिक दुकान और उसके बगल में स्थित फाइनेंस कंपनी का दफ्तर उसके चपेट में आ गया।

## यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया मे उच्च बैंक प्रबंधन मनमानी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**रांची :** क्षेत्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, अरगोड़ा चौक, रांची पर उच्च बैंक प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ पूरे देश में यूनियन बैंक में 70,000 यूनियन बैंककर्मी AIUBOF और U AIUBEA के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किए। विरोध प्रदर्शन पूरे 134 क्षेत्रीय कार्यालयों पर किया गया। रांची क्षेत्रीय कार्यालय और धनबाद क्षेत्रीय कार्यालय पर भी दोनों संगठन के लगभग 800 साथियों ने धरना प्रदर्शन में भाग लिए। क्षेत्रीय प्रमुख रांची एवं धनबाद को 20 मांगों की सूची मी सौंपी गयी. प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी साथियों का महामंत्रियों द्वारा आभार प्रकट किया गया और उन्हें धन्यवाद दिया गया।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव के जनता की बदली है जिंदगी : शिवराज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव की जनता की जिंदगी बदली है, इस योजना के पहले सपना था पक्की सड़क गांव तक पहुंचना, लेकिन मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कारण लगभग 1 लाख 63 हजार गांव को बसाहटों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है और आगे इसके चौथे चरण का शुभारंभ किया जा रहा है । इस चरण में लगभग 25 हजार नए बसाहट, नए गांव 12 मासी सड़कों से जोड़े जाएंगे, 62 हजार 500 किलोमीटर सड़के बनाई जाएंगी, 70 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि इस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सड़कों के निर्माण में खर्च की जाएगी और इसके लिए राशि की व्यवस्था कर दी गई है तो इन ग्राम वासियों को भी अब पक्की सड़क का लाभ मिलेगा ।



15 सितंबर को प्रधानमंत्री 2 करोड़ नए घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे। झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत झारखंड के लगभग 20 हजार लाभार्थियों को जमशेदपुर से स्वीकृति पत्रों का वितरण करेंगे और इसके अतिरिक्त झारखंड में थोड़ा काम तेजी से होना चाहिए था हमने लगातार प्रयत्न किये, क्योंकि 1 लाख 13 हजार से ज्यादा मकान झारखंड में बनने हैं अभी तक वहाँ की सरकार इतनी ही औपचारिकता पूरी करके स्वीकृति पत्र और मकानों के निर्माण के लिए जो अकाउंट में पैसे डालते हैं उसकी कुछ औपचारिकता पूरी करनी होती है उसमें धीमी गति से काम किया इसलिए इतने हितग्राहियों को भी लाभ मिलेगा। लेकिन लक्ष्य 1 लाख 13 हजार 195 का है उसके लिए 187 करोड़ 79 लाख रुपए की राशि झारखंड को जारी की जा चुकी है। 16 सितंबर को प्रधानमंत्री गुजरात जाएंगे और गुजरात राज्य में पिछले 10 वर्षों में 6 लाख 50 हजार से ज्यादा आवासों का निर्माण हुआ है । वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी 54 हजार 135 आवास का लक्ष्य गुजरात को दिया गया है और 99 करोड़ 1 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है, प्रधानमंत्री राज्य में 31 हजार लाभार्थियों के खाते में लगभग 93 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित करेंगे और 35 हजार पूर्ण हो चुके मकानों में गृह प्रवेश का कार्यक्रम भी होगा ।

17 सितंबर को प्रधानमंत्री ओडिशा के भुवनेश्वर में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का आयोजन करके पूरे देश के अलग-अलग चार राज्यों को छोड़कर जिनमें झारखंड, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और गुजरात में चुनाव है। इन चार राज्यों को छोड़कर बाकी बचे हुए राज्यों में 10 लाख हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण करेंगे और 3 हजार 180 करोड़ रूपए की पहली किस्त का डिजिटल ट्रांसफर सीधे लाभार्थियों के खाते में करेंगे।

# जन सुनवाई में हुई शिकायतों की समीक्षा के बाद पुलिसकर्मियों पर गिर सकती है गाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर राज्य के 21 जिलों में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं, जिनमें सबसे अधिक शिकायतें पुलिस के प्रति नाराजगी को लेकर ही आई थीं। अब वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इन सभी शिकायतों की समीक्षा कर रहे हैं, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके।

**15 दिनों के अंदर कार्रवाई का आदेश:** जनता की शिकायतों पर समय पर कार्रवाई नहीं होने से पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए डीजीपी ने सभी जिलों में जन शिकायत निवारण कैंप लगाने का आदेश दिया था। इस दौरान आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी स्तर के अधिकारियों ने जन सुनवाई की। अब सभी मामलों की समीक्षा शुरू हो गई है, ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। डीजीपी ने 15 दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**डीजीपी करेंगे मामलों की समीक्षा :** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम को अच्छा प्रतिसाद मिला है, लेकिन इसका पूरा लाभ तभी मिलेगा जब शिकायतों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि वे सभी वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और उसके बाद अधिकारियों को पुनः जनसुनवाई स्थल पर भेजा जाएगा ताकि जमीनी हकीकत की जांच हो सके।

**लापरवाह पुलिसकर्मियों पर गिरेगी गाज:** डीजीपी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई पुलिसकर्मी या थाना प्रभारी पीड़ित की शिकायत सुनकर कार्रवाई करता है, तो वह कोई एहसान नहीं कर रहा है। यह उनका कर्तव्य है। यदि समीक्षा के बाद कोई पुलिसकर्मी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, अगर किसी निर्दोष व्यक्ति को गलत तरीके से जेल भेजा गया है और यह सामने आता है, तो संबंधित पुलिसकर्मियों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी।

## विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी के द्वारा किया गया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी द्वारा 13 सितंबर 2024 को एफ.सी.आई गोदाम कड़रू का निरीक्षण किया। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी द्वारा एफ.सी.आई गोदाम कड़रु पहुंच कर अगस्त एवं सितंबर माह 2024 का राशन उठाव हुआ है, की नही इसकी जाँच की गई। उन्होंने यहाँ पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश देते हुए सम्बंधित अधिकारी को कहा की सितंबर माह का राशन का उठाव जल्द से जल्द करा ले। इस दौरान उन्होंने यहाँ उपस्थित गोदाम प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा की आने वाले माह में कई प्रमुख पर्व शुरू रहें हैं। इसको ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित करें की राशन का वितरण सही समय पर लाभुकों के बीच हो जाना चाहिए।

## झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर 163 लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक योगयताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 -21.09.2024 एवं 22.09.2024 को प्रथम पाली में 08:30 बजे पूर्वाह्न से 10 : 30 बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय पाली 11: 30 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक तथा तृतीय पाली 03:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक विभिन्न 131 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला




दंडाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका के मद्देनजर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गयी है।

## सर्वाधिक आदिवासी और दलित बहन बेटियां ही हैं पीड़ित : गीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद एवम भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की बहन बेटियों पर लगातार खतरे बढ़ रहे। बेटियां आज असुरक्षित हैं। और अपराधी बेलगाम हैं। कहा कि पिछले 5वर्षों में राज्य में 7000से अधिक दुष्कर्म और बलात्कार की घटनाएं राज्य सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। जिसमे अधिकांश घटनाएं आदिवासी दलित समाज की बहन बेटियों के साथ घटी है।कहा कि चाहे रूपा तिर्की की संदेहास्पद हत्या हो,या रुबिका पहाड़िया को 52 टुकड़ों में काट कर फेंकना।अपने घर में सोई अंकिता पर पेट्रोल डाल कर उसे जलाकर मारना,और दरोगा संध्या टोपनो को गो तस्करों के द्वारा ट्रक से कुचलकर मार देना। ऐसे हजारों जघन्य अपराध पिछले 5वर्षों में राज्य की महिलाओं की स्थिति को बताते हैं।कहा कि सबसे बड़ी दुर्भाग्य जनक स्थिति है कि हेमंत सरकार अपराध का भी तुष्टिकरण कर रही।हेमंत सरकार केलिए बेटियों की इज्जत नहीं वोट बैंक प्रिय है।कहा कि मुख्यमंत्री जी को बताना चाहिए कि अबतक कितने बलात्कारियों को राज्य सरकार ने सजा दिलाई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में कितने मामले लंबित हैं। कहा कि राज्य की बेटियां हेमंत सरकार के कुर्सी मोह को जान चुकी है। इन्हे बेटियों के सम्मान से कुछ भी लेना देना नही है।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बिरसा हरियाली रेडियो स्टेशन का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बिरसा हरियाली रेडियो स्टेशन का उद्घाटन किया। यहां से प्रतिदिन 3 घंटे पूर्वाहन 11ः00 से अपराह्न 2ः00 बजे तक किसानों, महिलाओं, बच्चों, स्वास्थ्य, मौसम विज्ञान, स्थानीय संस्कृति, सरकारी योजनाओं आदि से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण होगा। पचास प्रतिशत कार्यक्रम हिन्दी में होंगे तथा 50त्न कार्यक्रमों का प्रसारण स्थानीय भाषा नागपुरी में किया जाएगा। इस रेडियो स्टेशन का कार्यक्रम 107.8 मेगाहर्ट्ज एफएम पर पहाड़ी-पठारी क्षेत्रों में 10 किलोमीटर के रेडियस में तथा मैदानी क्षेत्रों में 20 किलोमीटर के रेडियस में सुना जा सकेगा। यह स्टेशन 50 वॉट एफएम ट्रांसमीटर से युक्त है। सामुदायिक रेडियो से केंद्र या राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों को छोड़कर अन्य प्रायोजित कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं है। प्रसारण हेतु कंटेंट और सामग्री तैयार करने के लिए विभिन्न संकायों में वैज्ञानिकों की समिति गठित की गई है। कार्यक्रम तैयार करने और प्रस्तुति में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। देश का पहला सामुदायिक रेडियो स्टेशन वर्ष 2004 में अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई में स्थापित किया गया था और 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्घाटन जुलाई 2024 में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय जनसंचार संस्थान, आइजोल (मिजोरम) में किया था। सामुदायिक रेडियो को समाचार प्रसारण की अनुमति नहीं होती है। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस रेडियो के माध्यम से आसपास के किसानों और ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित होगा तथा नई तकनीक और सूचनाओं के माध्यम से उनका सशक्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान के लिए विद्यार्थी प्रथम प्राथमिकता होने चाहिए और उन्हें स्तरीय शिक्षा, बेहतर माहौल एवं सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। छात्र कल्याण से संबंधित कोई मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। क्षेत्र के लिए उपयोगी शोध परिणामों के माध्यम से किसानों का सामाजिक आर्थिक उन्नयन होना चाहिए तथा महिला किसानों के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## ऊर्जा निगम से आउटसोर्स होगा खत्म : डॉ इरफान अंसारी

**रांची :** डॉ इरफान अंसारी के बुलावे पर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय आज उनके आवासीय कार्यालय कक्ष में मिले। डॉ इरफान अंसारी ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम में जारी आउटसोर्स के संबंध में विस्तृत जानकारी अजय राय से ली । डॉ इरफान ने श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय को आश्वस्त करते हुए कहा कि वो आज ही इस संबंध मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बातचीत कर श्रमिक संघ की बैठक सुनिश्चित कराएंगे ताकि समय रहते इस पर समाधान निकाला जा सके।

## करम पर्व महोत्सव में शामिल होंगे सीएम : एसोसिएशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कर्ण सिंह एवं महासचिव रमेश उरांव ने मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को नवीन पुलिस केंद्र, रांची में 14 सितंबर को आयोजित होने वाले करम पर्व महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर आयेंगे। वह टाटानगर स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात देंगे। साथ ही गोपाल मैदान में आयोजित सभा में शामिल होंगे। इस दौरान उनका रोड-शो भी होगा। जमशेदपुर में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय के स्तर से सुरक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा को लेकर आतंकवाद निरोधी दस्ते की हीट टीम के अलावा 3000 से अधिक



पुलिस अफसरों और जवानों की तैनाती की गयी है। पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर विभिन्न जिलों और प्रशिक्षण केंद्र से 115 इंस्पेक्टर, 650 सब इंस्पेक्टर और एएसआइ, 2550 पुरुष लाठी बल, 250 महिला लाठी बल, 250 सशस्त्र बल, यातायात व्यवस्था के लिए 100 अतिरिक्त जवान, बीडीडीएस की दो टीम, आतंकवाद निरोधी दस्ता की तीन हीट टीम, टीयर गैस की दो टीम और दो कंपनी रैप की तैनाती की गयी है। पीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी द्वारा प्रोटोकॉल तथा सुरक्षा मापदंडों को सुनिश्चित करने के लिए सीनियर आइएएस और आइपीएस अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है।

## आदिवासियों के आंदोलन को कमजोर करने के लिए जनजाति मंच रच रही है साजिश : राजकुमार नागवंशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** आर.एस.एस व वनवासी कल्याण केंद्र बरियातु संचालित जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, प्रवक्ता मेघा उरांव, तुलसी प्रसाद गुप्ता, रवि प्रकाश उरांव व सोमा उरांव के बयान की निंदा ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट के प्रवक्ता राजकुमार नागवंशी और महासचिव प्रवीण कच्छप, अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग ने की हैं। उन्होंने कहा कि मंच के लोगों के द्वारा दिवरी दिरी बुंडू मंदिर विवाद में आदिवासियों के आंदोलन को कमजोर करने के लिए चर्च का नाम घसीट रहे हैं। जबकि जनजाति सुरक्षा मंच खुद हिंदू कट्टरपंथी पोषित संगठनों से फंडिंग संस्था हैं। जनजाति सुरक्षा मंच हमेशा से आदिवासी आंदोलन व आदिवासियों को तोड़ने का काम करती हैं। जो हमेशा चर्च का आंदोलन बताकर जनआंदोलनों को प्रभावित करने की कोशिश करती हैं। ये वही डिलिस्टिंग गैंग है जो आदिवासी जनसंख्या को कम करने की साजिश कर रही है ताकि झारखंड जैसे राज्य को पांचवीं अनुसूची राज्य का दर्जा समाप्त हो जाए। साथ ही यहां लोकसभा और विधानसभा में आदिवासियों के लिए जो सीटे आरक्षित हैं, उसे कम करके यहां के प्रकृतिक संसाधनों को पूंजीपतियों को दे सके। ये जनजाति सुरक्षा मंच कभी आदिवासियों के शोषण, उत्पीड़न पर आवाज नहीं उठाती हैं, सिर्फ चर्च का नाम लेकर आदिवासियों को दिग्भ्रमित करती हैं। चाहे सरना-आदिवासी कोड का मामला हो या सीएनटी-एसपीटी संशोधन का मामला हो या धर्मांतरण का मामला हो। सभी आदिवासी आंदोलनों को मंच ने फूट डालकर कमजोर करने की साजिश की हैं। फ्रंट ने कहा कि आज दिउरी दिरी मंदिर में बड़ा आदिवासी समाज अपने संवैधानिक अधिकार, पांचवीं अनुसूची में मिले अधिकार व अपने परंपरागत धार्मिक-सामाजिक पूजा स्थलों व जमीन को बचाने के लिए एकजुट हुआ है। आदिवासी समाज में जागृति आई है। ऐसे में ये आर.एस.एस पोषित हिंदू वादी जनजाति सुरक्षा मंच आदिवासियों के आंदोलन में चर्च का नाम घसिट कर आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश में लगी हैं। जिसका फ्रंट विरोध करता है। जनजाति सुरक्षा मंच हमेशा डिलिस्टिंग की बात कर आदिवासी एकता को तोड़ने की बात करता है, जबकि तात्कालीन रघुवर सरकार के समय आरटीआई से मिले दस्तावेजों से स्पष्ट हो चुका है कि जबरन-प्रलोभन के आधार पर किया गया परिवर्तन धर्मांतरण की श्रेणी में आएगा।

चाहे आदिवासी से ईसाई बने, चाहे आदिवासी से हिंदू बने या आदिवासी से मुसलमान बने। सभी धर्मांतरण की श्रेणी में आएगें। आरटीआई से मिले आंकड़ों के अनुसार झारखंड में आदिवासियों की जनसंख्या 86,45,042 हैं। जिसमें सरना कोड को मानने वालों की संख्या 40,12,622, हिंदू धर्म मानने वालों की संख्या 32,45,856, ईसाई मानने वालों की संख्या 13,38,175, किसी धर्म को नहीं मानने वाले 25,971, मुस्लिम धर्म मानने वाले 18,107, बौर्द्ध धर्म मानने वाले 2,946, सिख धर्म मानने वाले 984 और जैन धर्म मानने वाले 381 आदिवासी हैं। पूरे आंकड़ों से स्पष्ट है कि ईसाई से ज्यादा हिंदू धर्म में आदिवासियों का धर्मांतरण हुआ हैं। इसलिए डिलिस्टिंग होगी तो तो प्रकृतिवादी को छोड़कर सभी का होगा। जनजाति मंच के लोग खुद हिंदू धर्म में धर्मांतरित लोग हैं। जबकि आदिवासी आकृतिवादी नहीं वरन प्रकृतिवादी हैं। फ्रंट मंच के हर क्रिया पर अब प्रतिक्रिया देगा। जल्द ही इन लोगों के खिलाफ थाना, न्यायालय, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के पास शिकायत दर्ज कराई जाएंगी।

## पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को ब्लैक टॉप करते हुए भरा जाए : सुनील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने नवरात्र से पहले रांची की सड़कों पर हुए गड्ढों को भरने के लिए संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए हैं।

प्रोजेक्ट भवन में रांची नगर निगम, जुडको और पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में प्रधान सचिव ने यह निर्देश जारी किया। इसके अलावा सड़क निर्माण की स्थिति पर असंतोष जताते हुए प्रधान सचिव ने पथ निर्माण, रांची नगर निगम और जुडको के अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि दोषी और लापरवाह अभियंता को दंडित किया जाएगा। उन्होंने तत्काल सड़क निरीक्षण करने, टूटे डिवाइडर को पुनर्स्थापित करने और सड़क किनारे उग आई झाड़ियों को साफ करते हुए हरियाली के लिए पौधे लगाने का आदेश दिया। जुडकों को निर्देशित करते हुए कहा कि पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को ब्लैक टॉप करते हुए भरा जाए, यदि तकनीकी कारणों से ब्लैक टॉप नहीं किया जा सकता है तो वैकल्पिक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। प्रधान सचिव ने जमशेदपुर में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए साफ-सफाई और होर्डिंग्स पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, रांची में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर भी विशेष ध्यान देते हुए साफ-सफाई सुनिश्चित करने की बात कही।

इसके अलावा नेवरी-नामकुम रोड के निर्माण में तेजी लाने और उस पर विद्युत खंभों का अधिष्ठापन कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस पहल से न केवल सड़क की स्थिति सुधरेगी, बल्कि आगामी त्योहारों और महत्वपूर्ण आगमन के लिए शहर की सजावट भी सुनिश्चित होगी।

# राम मंदिर का बन रहे भव्य पंडाल पर आपत्ति क्यों : प्रतुल शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को नसीहत दी कि वह तुष्टीकरण और वोट बैंक के चश्मे को खोलकर अगर केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के उप सचिव के द्वारा दायर किए गए उच्च न्यायालय में एफिडेविट को पढ़ेंगे तो उन्हें घुसपैठ के विषय में सारा कुछ स्पष्ट हो जाएगा । प्रतुल ने कहा सिर्फ वोट बैंक का तुष्टिकरण की राजनीति के कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा सच्चाई से इनकार कर रही है ।प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार गृह मंत्रालय के उप सचिव के द्वारा उच्च न्यायालय में दिए एफिडेविट के पॉइंट नंबर 35 में स्पष्ट लिखा है कि झारखंड के संथाल परगना के 6 जिलों में घुसपैठ पाकुड़ और साहिबगंज के इलाके से हुई जो पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश से नजदीक का इलाका है। वहीं प्रतुल ने आगे कहा कि धुर्वा के पुराने विधान सभा मैदान में राम मंदिर के



स्वरूप के बन रहे पंडाल को लेकर सरकार जबरदस्ती तनाव उत्पन्न कर रही है । 500 वर्ष बाद रामलला अयोध्या में विराजमान हुए हैं और अगर राम मंदिर के स्वरूप का भव्य पंडाल बन रहा है तो इस पर सरकार को आपत्ति क्यों ?

## 500 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करमा पर्व को लेकर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने शुक्रवार को खलारी के दर्जनों गांव टोला मोहल्ला में 500 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण करते हुए क्षेत्रवासियों को करमा पर्व की शुभकामना दी। अंसारी ने कहा की करमा पर्व भाई बहन की अटूट पवित्र प्रेम को दर्शाता है। ये पर्व प्रकृति का भी प्रतीक है, जो कि प्रकृति के प्रति लगाव को दिखलाता है। इसके माध्यम से हमें संस्कृति संरक्षण संवर्धन की सिख मिलती है। भूखे रहकर भी बच्चों को पढ़ाएं। समाज में जागरूकता लाकर एकता बनाए रखें। इस मौके पर समाजसेवी सुरेश यादव, कमलेश यादव, हरिशंकर यादव, सुरेंद्र यादव, जनेश्वर मुंडा, जितेंद्र चौहान, धर्मेंद्र मुंडा, विजय मुंडा, दीपक यादव, फिरोज अंसारी, विकास लोहार, भूटन मुंडा, मनोज बैठा, मदन महतो, राजेश उरांव, बिजेंदर मुंडा, रंजीत लकड़ा, सूरज मुंडा, राहुल मुंडा, विकास यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सिल्ली में हादसे को आमंत्रित कर रहा बिजली का खंभा



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची पुरुलिया मार्ग के सिल्ली साहेब बांध के के किनारे बिजली खंभे पुरी झूक चुका हैं, जिससे आने-जाने वाले ग्रामीणों के लिए खतरा मंडराने लगे हैं। कभी भी आंधी तूफान के चलते बिजली खंभे गिर सकता। लुंज-पुंज बिजली तार के आपस में टकराने से चिंगारी भी निकल रहा है।शिकायत के बाद भी सुधार नहीं यह पोल अगर गिर जाता है तो बड़ा हादसा हो सकता है आसपास के घरों को भी चपेट में ले सकता है।। इसको लेकर स्थनिय उपभोगता की ओर से कई बार सूचना देने के बाद कोई समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसको लेकर आसपास के लोगों में काफी आक्रोश भी है। विद्युत कनीय अभियंता ने कमलेश पिंगले कहा की सूचना मिली है एक दो दिनों में ठीक कर लिया जाएगा।

## ठाकुर गांव के पंचायत भवन में सास-बहू पति सम्मेलन आयोजित किया गया



**ठाकुर गांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** के पंचायत भवन में जनसंख्या पर नियंत्रण करने और इसके लिए आमजन को समझाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांवों में सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इन सम्मेलनों का आयोजन आज शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे से शाम के 4:00 बजे तक किया गया था, सीएमएचओ ने बताया कि सास-बहू सम्मेलन में सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के बाद कम से कम दो साल के बाद पहला बच्चा,पहले व दूसरे बच्चे में कम से कम 3 साल का अंतर, परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के बारे में संपूर्ण जानकारी, परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि एवं परिवार कल्याण के स्थाई व अस्थाई साधनों को अपनाने की जानकारी दी जा रही है। एएनएम व आशाओं द्वारा सम्मेलन में परिवार नियोजन, स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। सास बहू अपने परिवार नियोजन संबंधी अनुभवों को साझा कर सास बहू सम्मेलन के माध्यम से गांव की महिलाओं में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से ठाकुर गांव मुखिया सचिन पहान, और ग्रामीण उपस्थित थे।

## कराँजी जलाशय के जमीन दाताओं का भू अर्जन के पदाधिकारीयों के साथ बैठक



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के कराँजी पंचायत भवन में शुक्रवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के पहल पर जिला भू अर्जन के पदाधिकारीयों व ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि करमा उराँव ने किया। बैठक भू अर्जन कार्यालय मध्यम सिंचाई परियोजना रांची के प्रतिनिधि चितरंजन, कानून गो प्रभारी प्रधान सहायक सुदर्शन गाददी, अभिलेख प्रभारी मधु केजरीवाल, अभियंता महेश टोप्पो, सहायक अभियंता सुमित उरांव, अभिषेक रंजन, उज्जवल कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि मंटू पांडे की उपस्थिती में किया गया। बैठक में जमीन दाताओं को सरकार से वर्तमान दर से चार गुना भुगतान उपलब्ध कराने की बात कही गई। जमीन का सत्यापन 60 दिनों के अंदर और 90 दिन के बाद जमीन का मुआवजा का भुगतान किया जाएगा। मौके पर उप प्रमुख मुदस्सिर हक, पंचायत अध्यक्ष साहबान अंसारी, अमीन अंसारी, अब्दुल अंसारी, रूसतम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एसीसी उच्च विद्यालय एवं एसीसी पब्लिक स्कूल में सयुंक्त रूप से मना करमा पर्व



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी एवं एसीसी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से करमा पर्व को धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम एसीसी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी एवं एसीसी पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक रवि गिरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्रधानाध्यापक एस एन तिवारी ने कहा कि करमा भाई बहनों का त्यौहार है। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान मंच को पुरी तरह से प्राकृतिक दृश्य सजाया गया था। पर्व को समाज में जिस तरह मनाया जाता है बच्चों ने ठीक उसी तरह मांदर के धुन पर स्टेज पर इसे दर्शाया। अंत में प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। पुरे कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन शिक्षिका मधु श्रीवास्तव ने किया। बच्चों को सजाने संवारने एवं अभ्यास कराने में मुख्य रूप से शिक्षिका दीपा गिरी, शर्मिला पात्रा, पायल, पम्मी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## किसान पाठशाला में आत्मा द्वारा कृषक वैज्ञानिक अंर्तमिलन कार्यक्रम का आयोजन



**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के किसान पाठशाला में कृषि प्रौद्योगिकी अभिकरण आत्मा द्वारा कृषक वैज्ञानिक अंत 'मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को खेती में हो रहे रोग, कीट एवं कृषि से संबंधित अन्य समस्याओं को रखते हुए उनके समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया. साथ ही वैज्ञानिकों द्वारा खेती के नये तकनीक, जैविक कृषि, लाह खेती, टपक सिंचाई प्रणाली, मृदा जांच, किसान समृद्धि योजना, मिलेट मिशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादी विषय पर चर्चा किया गया. एवं आत्मा द्वारा विभागीय योजनाओं का विस्तृत जानकारी दिया गया.झ्र एवं किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा नैनो यूरिया का वितरण किया गया. कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र दियांकेल तोरपा के वैज्ञानिक दीपक राम, राजन चौधरी, आषुतोष प्रभात, परियोजना निदेशक आत्मा खूंटी अनुरंजन, उप परियोजना निदेशक आत्मा खूंटी अमरेश कुमार, बीटीएम स्नेहलता तिग्गा, बीडीएम के अलावे अन्य किसान भाई बहन शामिल रहे।

## खलारी में डीएमएफटी मद के विभिन्न योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी में डीएमएफटी मद से विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। विधायक व सांसद की अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो के अलावा जिला परिषद सदस्य सदस्य सरस्वती देवी, बुकबुका में मुखिया पारसनाथ उरांव व तुमांग में मुखिया संतोष महली व पंसस सहदेव महली ने संयुक्त रूप से पूजन कर, नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट से परदा हटाकर योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं एनआरईपी-1 के द्वारा डीएमएफटी मद से पंचायत तुमांग के ग्राम करकट्टा में प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कमरा निर्माण, पंचायत तुमांग के ग्राम करकट्टा टूप आंगनबाड़ी में शौचालय, पेयजल एवं चारदीवारी निर्माण, इस अवसर पर भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, अरविंद सिंह, शशिप्रसाद साहू, रामसूरत यादव, चतुरगुण भुइयां, प्रधानाचार्य रंथू साहू, जफरूद्दीन अंसारी, रवीन्द्र पासवान, शिव चौधरी, गौरी केशरी, अनिल तूरी सहित कई कार्यकर्ता व सामाजिक उपस्थित थे।

# टी0एस0पी0सी0 का एरिया कमाण्डर दिवाकर गंझू दस्ता का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की बुढ़मू आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट थक (4) अभियुक्त निरज उरांव उर्फ निरंजन उरांव, बी0एन0एस0 एंव 25 (1- पिता छेदी उरांव, सा0 उमेडण्डा इन्दुवाटोला, थाना बुढ़मू, जिला रांची, जो टी0एस0पी0सी0 का एरिया कमाण्डर दिवाकर गंझू दस्ता का सक्रिय सदस्य है, अपने घर पर आया हुआ है। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, रॉची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक, खलारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी, बुढ्ढमू एवं अन्य पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल के साथ छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा ग्राम उमेडण्डा इन्दुवाटोला में छापामारी कर उक्त उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। उक्त टी0एस0पी0सी0 उग्रवादी दिनांक-20.08.2024 को छापर 4 नम्बर कॉलोनी के पास टी0एस0पी0सी0 के दस्ता सदस्यों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाने में शामिल था। जहाँ से इनके तीन सहयोगी प्रकाश गंझू राहुल कुमार लहरी एवं मोनु कुमार गोडाईत उर्फ भोंमा को करबाईन हथियार, गोली, मोटसाईकिल, पीक एव पार्टी का पर्चा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था एवं ये भागने में सफल रहे थे। पूर्व में ये टी0एस0पी0सी0 के सब जोनल कमाण्डर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो एवं उनके दस्ता सदस्यों के लिए खाना पहुँचाने, ठिकेदार का मो0 नम्बर उपलब्ध करवाने एव पैसा उगाही का काम करते थे। करीब एक वर्ष पहले ये टी0एस0पी0सी उग्रवादी संगठन के एरिया कमाण्डर दिवाकर गंझू दस्ता का सक्रिय सदस्य मोनू गोड़ईत से सम्पर्क में आक टी0एस0पी0सी के दिवाकर गंझू के लिए बालू घाट से अवैध पैसा की उगाही करने, लेवी एवं रंगदारी के लि ठिकेदारों का मो0 नम्बर दिवाकर गंझू को उपलब्ध करने एवं लेवी का पैसा पार्टी से लाने का काम करने लग पुलिस के द्वारा अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है।

छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मीः-

रितेश कुमार महतो, थाना प्रभारी,एसआई,संजीव कुमार,एसआई रवि उरांव, और बुढ़मू थाना के सस्त्र बल उपस्थित थे।

## पिपरवार महाविद्यालय कारो में करमा महोत्सव का हुआ आयोजन



▶बच्चों के द्वारा पेश किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार महाविद्यालय कारो में शुक्रवार को करमा पूजा की पूर्व संध्या पर करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम के दौरान अतिथियो सहित बच्चों ने करम गीत गाकर और मांदर की थाप पर जमकर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया।इस दौरान मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव ने कहा कि करम पूजा प्राकृतिक का पर्व है। हमलेगो को अधिक से अधिक पेड़ पौधा लगाना चाहिए,जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे।पूर्वजों के समय से चलते आ रहे हैं पर्व त्यौहार को आज भी उत्साह और इस अवसर पर कॉलेज के बच्चों के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्य रीता देवी, फूलदेव टाना भगत, बसंत नारायण महतो, टिकेश्वर महतो, शिवशंकर साव, अरुन उरांव, चेतलाल महतो, दिलीप महतो, नागेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, पंकज दास, गीता देवी, बिजय लक्ष्मी देवी, प्रितम महतो, मनीषा देवी सहित महाविद्यालय के बच्चे मौजूद

## रक्तदान से सामाजिक दायित्व का होगा निर्वाहन : संजीव कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा शुक्रवार को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का उदघाटन पिपरवार महाप्रबंधक संजीव कुमार,सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंड दिनेश कुमार और बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एफआर शाह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।जिसके बाद पिपरवार जीएम संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारियो ने स्वंय रक्तदान कर अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।इस रक्तदान शिविर में कुल 62 लोगों ने अपना रक्तदान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर स्टॉफ ऑफिसर एक्सावेशन जेएसपी शर्मा, स्टॉफ ऑफिसर पीएंडपी डीके शर्मा, एसओसी बिपिन बिहार, एसओ माईनिंग सुभोजित हलदर, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरूण महतो, कार्मिक प्रबंधक रवि बाड़ा, डॉ संजीव कुमार, कामेश्वर राम, रतन लाल, संजीव मिश्रा सहित काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, सीआईएसएफ व स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## बचरा उतरी पंचायत मे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत के बचरा बस्ती में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर और द्वीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस शिविर में टंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया।जिसमें लोगों ने विभिन्न योजनाओं के लाभ को लेकर अपना-अपना आवेदन जमा किया।योजनाओं के लाभ को लेकर जमा किए गए कई आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया गुंजन सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के आदेश पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया जा रहा है,जिसके माध्यम से पंचायत के लोगों की समस्याओं का मौके पउन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर इस तरह के शिविर का आयोजन होने से पंचायत के लोगों को काफी लाभ पहुंच रहा है। शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।इस शिविर मे झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,टण्डवा बीडीओ देवलल उरांव, टण्डवा अंचलाधिकारी बिजय दास,महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी सिंह,महेंद्र महतो,धीरज महतो,मीना कुमारी,नरेश ठाकुर सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2024 के लिए क्वालिफाई किया

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने 9 से 12 सितंबर, 2024 तक वाराणसी में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का गौरव बढ़ाया। 4 छात्रों, नंदिनी मौर्या (ड्ढ्ढ्ढ ष्ट), आकृति उरांव (ड्ढ्ढ्ढ्ढ स्न), सिया शुक्ला (ढ्ढ ॥) और शौर्य कुमार (ड्ढ्ढ.) ने रजत पदक जीते और सीबीएसई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया, जबकि 5 छात्रों, सत्यम आनंद (VII G), श्रेया नंदी (VIII C), वैष्णवी चैधरी (VIII D), वंशिका श्रीवास्तव (X H) और अन्वेषा गुप्ता (XII C) ने कांस्य पदक प्राप्त किए। प्राचार्या, श्रीमती परमजीत कौर ने उनके इस अद्वितीय प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



## बचरा पंचवटी मे हुई अशोक परियोजना प्रबंधन एवं विस्थापितों की बैठक



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार में शुक्रवार को अशोक परियोजना प्रबंधन एवं विस्थापित ग्रामीणों के बीच बैठक हुई।इस बैठक मे अशोक परियोजना से विस्थापित हुए सरैया,ठेठांगी,खरपाचट्टान व टमरासटॉड आदि गाँवो के विस्थापित ग्रामीण शामिल हुए।बैठक में विस्थापितों ने नौकरी,मुआवजा एवं पुनर्वास के साथ-साथ विस्थापित बेरोजगारो को रोजगार देने की मांग की।साथ ही अगल-बगल के गांव मे विकास कार्य कराने की मांग की।कल्याणपुर में डीएवी स्कूल चालू कराने की भी मांग उठायी।रैयत किरण टोप्पो,रामे टाना भगत एवं लक्ष्मी टाना भगत के पति का वन पट्टा सीसीएल मुख्यालय भेजने,विस्थापित के सत्यापित भुमि के बदले नौकरी देने तथा जिस विस्थापित परिवार का घर शिफ्टिंग है नियम के तहत घर के बदले मुआवजा एवं जमीन देने पर सहमति बनी।बैठक में विस्थापित नेता बेनीलाल महतो ने कहा कि रैयतो की जायज मांगो को सीसीएल प्रबंधन पुरा करे।जिस विस्थापित का घर शिफ्टिंग करना है वह मुआवजा लेकर घर खाली करे एंव खदान विस्तारीकरण एवं उत्पादन मे सीसीएल प्रबंधन को सहयोग करे।जिस पर सभी ने अपना अपना सहमति दिया।बैठक में प्रबंधन की और से पीओ संजय कुमार,एसओसी बिपिन बिहारी,सच्चिदानंद सिंह एंव विस्थापित की ओर से अमृत उरांव,सहदेव टाना भगत,प्रदीप ताना भगत,हरि टाना भगत,दुखी टाना भगत, लक्ष्मी टाना भगत,चंद्रपाल टाना भगत,परमेश्वर टाना भगत,रामे टाना भगत,सुनिल तिग्गा,किरण टोप्पो,नवीन तिग्गा,ईश्वर उरांव,संतोष उरांव,राजकुमार उरांव, मुकेश उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बचरा दक्षिणी एवं बचरा उत्तरी पंचायत के शिविर में शामिल हुई विधायक अंबा प्रसाद



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत एवं बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुई।उन्होंने शिविर का उद्घाटन दीप जलाकर एवं कीता काटकर किया। जिसके बाद उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।इस दौरान उन्होंने किशोरी समृद्धि योजना,मइंया सम्मान योजना,वृद्धा पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं का परिसंपत्तियों का वितरण किया।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर लगाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत के लोगों को कई योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है।इस मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव,सीओ विजय दास,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,मुखिया गुंजन सिंह,रीना देवी,पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, अनिल सोनी,बसंत कुमार, संतोष यादव,मंगल सिंह,बैजू सिंह,तारकेश्वर महतो, कुलदीप महतो,कामेश्वर महतो,अनिल सोनी,सुरेंद्र करमाली,हीरा राम,गुरदयाल सिंह,विजय कुमार,विकास कुमार,बल्लु सिंह,किशन देव प्रसाद सहित आंगनवाड़ी सहिया एंव सहायिका साहित स्थानीय ग्रामीण मौजुद थे।

## सीताराम येचुरी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली माकपा एवं झारखंड राज्य किसान सभा के तत्वावधान में माकपा राष्ट्रीय महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी के निधन पर शहीद भगतसिंह सिंह चौंक मुरी में अमर महली के अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां सभी सदस्यों ने कामरेड सीताराम येचुरी अमर रहे, कामरेड सीताराम येचुरी को लाल सलाम के नारे लगाये गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो उपस्थित थे। उन्होंने कहा की माकपा राष्ट्रीय महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी का निधन 12 सितंबर को 3 बजें एम्स दिल्ली में होने पर देशभर में शोक की लहर फैल गया है, कामरेड सीताराम येचुरी का निधन पार्टी एवं देश के लिए अपूर्णीय छति है। उनका जन्म 12 अगस्त 1952 में चेन्नई हुआ था, वे 1984 में माकपा केन्द्रीय कमिटी में एवं 2015 में माकपा राष्ट्रीय महासचिव चुने गए। उन्हें 2016 में राज्य सभा सांसद के रूप में सर्वश्रेष्ठ सांसद का सम्मान दिया गया। उनकी राजनीतिक शुरुआत जे एनयू छात्र संघ से हुई। जहां 1970 से वे लगातार तीन बार अध्यक्ष चुने गए थे। 5 दशक तक वाम आन्दोलन के धुरी के रूप भारत में उनका योगदान तथा बड़े बड़े संघर्षो में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। यही नहीं उन्होंने भारत में 13 माह चले किसान आन्दोलन को खुल कर समर्थन किया था । वे धर्म निरपेक्षता, भाईचारा, लोकतंत्र, संविधान व देश की एकता अखंडता के प्रबल हिमायती थे।

# करमा पूजा से पूर्व उठाया गया जावा, ढोल-मांदर की थाप पर आज शाम झूमेगा खलारी



करमा को लेकर बच्चियों और युवतियों में उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल क्षेत्र समेत ग्रामीण इलाकों में करमा पूजा से पूर्व शुक्रवार को सादगी के साथ जावा उठाया गया। इससे पूर्व सुबह में युवतियों ने करमा स्थल पर गोबर से लीप कर जावा को रखा। जावा में जल डालकर धूप दिखाया। हल्दी डालने की रस्म किया। इसके बाद गीत गाकर जावा को जगाया। करमा पूजा के लिए सुबह से ही जावा उठाने के लिए बच्चियों में उत्साह काफी था। शनिवार को सुबह भेलवाफरी पूजा की जाएगी। इसके बाद भेलवा और करम डाली को चूरकर खेतों में डाले जाने का कार्य किया जाएगा। वहीं शाम को करम की डाली की संस्कृति स्थल (अखरा) में सामूहिक पूजा की जाएगी। इधर, युवतियों ने बताया कि करमा पर्व शुरू होने के कुछ दिनों पहले नदी जाकर डलियों में बालू लाती हैं। इसके बाद गीले कपड़ों में पदयात्रा करते हुए बालू की डलिया में जौ, गेहूं, धान, मक्का, चना, उरीद, मटर, बोदी आदि डाल दिए जाते हैं, इसे जावा कहा जाता है। इसी जावा को वे करमा पर्व के दिन करम डाली के समीप पूजा-अर्चना करती है। इसके बाद अपने बालों में गूंथकर झूमती-नाचती हैं। तुमांग पंचायत के गणेश पाहन ने बताया कि करम पर्व के दिन बहनें अपने भाईयों की सलामती के लिए व्रत रखती हैं। भाई करम वृक्ष की डाल को घर के आंगन में गाड़ते हैं और प्रकृति के आराध्य देव मानकर पूजा करते हैं। पूजा समाप्त होने के बाद दूसरे दिन सुबह में करम डाल और जावा को पूरे धार्मिक रीति-रिवाज से तालाब, पोखर, नदी आदि जलाशयों में विसर्जित कर देते हैं।

भादो माह एकादशी के दिन मनाया जाने वाला प्रकृति का पर्व करमा पूजा 14 सितंबर शनिवार की शाम पूरे खलारी-कोयलांचल ढोल और मांदर की थाप पर झूम उठेगा। क्षेत्र में जगह-जगह मनने वाली करमा पूजा को लेकर तैयारी लगभग हो चुकी है। सरना स्थल में शनिवार को भेलवाफरी का सामूहिक पूजा की जाएगी। यह पर्व को लेकर बच्चियां एवं युवतियां को इंतजार रहता है।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपूर में हिंदी दिवस का समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल बहेरा कल्याणपुर में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक रेहाना परवीन एवं प्राचार्य ताका नारो जमीर ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।हिंदी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमे स्कुल के बच्चो के बीच भाषण,पत्र लेखन,निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।वही स्कुल के शिक्षकों द्वारा हिंदी भाषा का महत्व छात्रों को बताया गया।शिक्षको ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है, उसका आदर और सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।प्रबंधक रेहना परवीन ने हिंदी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी भाषा पर प्रभुत्व हासिल करना बहुत जरूरी है।इस अवसर पर बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।ज्ञात हो कि 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। लेकिन करमा पूजा को लेकर स्कूल में अवकाश होने के कारण एक दिन पूर्व ही हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## मोबिल ने आयोजित की भारत की पहली नाइट स्ट्रीट रेस




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स की अग्रणी कंपनी मोबिल ने रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड (आरपीपीएल) के साथ साझेदारी करते हुए चेन्नई में 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024' के दौरान भारत की पहली नाइट स्ट्रीट रेस का आयोजन किया। यह आयोजन मोबिल के इंडियन रेसिंग फेस्टिवल से जुड़ने का तीसरा वर्ष था, जिसमें गति, कौशल, प्रौद्योगिकी और प्रदर्शन का बेहतरीन संगम देखने को मिला। मोबिल ने इंडियन रेसिंग लीग और फॉर्मूला 4 चौंपियनशिप के आधिकारिक लुब्रिकेंट पार्टनर के रूप में भारतीय मोटरस्पोर्ट्स को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। यह फेस्टिवल पूरे देश में नवंबर 2024 तक पांच रोमांचक दौरों के साथ जारी रहेगा। इस महोत्सव में बॉलीवुड सितारों जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर, क्रिकेट दिग्गज सौरव गांगुली और अभिनेता नागा चौतन्य जैसे सेलिब्रिटी टीम मालिकों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन विजेता टीमों और रेसर्स के सम्मान में आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह के साथ हुआ।

## बॉब जमशेदपुर क्षेत्र की 64वीं शाखा का शुभारंभ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैंक ऑफ़ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र की 64वीं शाखा - तोपचांची शाखा का उदघाटन, विशिष्ट अतिथि फणिश्वर रजवार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, तोपचांची के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह शाखा हमारे स्थानीय ग्राहकों को हर प्रकार की सुविधाओं एवं सेवाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। इस उपलक्ष्य में जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा, शाखा प्रबंधक संजय कुमार अन्य कार्यपालकगण तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें ।

## कलवार समाज का वार्षिक परिवार मिलन समारोह आयोजित



**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के पुरूलिया जिला के झालदा में आज वयाहुत कलवार समाज के कुल देवता श्री बलभद्र पूजानोत्सव एवम वार्षिक परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे झारखंड, बंगाल, बिहार आदि राज्य से कलवार समाज के पुरुष महिला शामिल हुए।सर्वप्रथम कुल देवता बलभद्र जी के पूजा अर्चना उपरांत भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद समाज के बड़े बृद्ध बुद्धिजीवी द्वारा समाज उत्थान एवम शादी विवाह से संबंधित चर्चाएं हुई। कार्यक्रम का आयोजन वयाहुत कलवार समाज झालदा-पुरुलिया की और से किया गया था।

## शमसूल हुदा बाबा के उर्स में शामिल हुए कल्याण चंद्र सिंह, चढ़ाया चादर



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के चौड़ा में हजरत शमसूल हुदा बाबा का 27वां सालाना उर्स मुबारक गुरुवार से शुक्रवार अहले सुबह तक धूमधाम से मनाया गया। उर्स के अवसर पर समाजसेवी सह ईचागढ़ राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने बाबा के दरबार में हाजरी लगाई और मजार में चादर पेश कर बाबा से क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। उर्स के मौक़े पर उत्तर प्रदेश के मशहूर कव्वाल नईम साबरी और बिहार के खान भारती के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला हुआ। जिसका उद्घाटन भी समाजसेवी सह ईचागढ़ राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने उर्स कमिटी के लोगों के साथ किया। इस अवसर पर उस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. शाहाबुद्दीन अंसारी, सचिव लाल मोहम्मद अंसारी, अंसार अली अंसारी, दिलदार हुसैन, सफाई अंसारी आदि हजारों लोग उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ इंडिया की बोड़ाम शाखा के बगल से महिला की साइकिल चोरी



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलडीह पंचायत के गागीबुरू गांव निवासी बाहा टुडू की साइकिल शुक्रवार की दोपहर को बैंक ऑफ इंडिया बोड़ाम शाखा के बाहर से अज्ञात ने चोरी कर ली है। इस घटना की जानकारी उसे तब मिली जब वह घंटों बाद बैंक शाखा से काम करवाने के बाद अपनी मां के साथ नीचे उतरी। इस संबंध में पीएलवी निताई चंद्र गोराई ने बताया कि अपनी मां सबिता टुडू के साथ बैंक आई थी जो पिछले 10 दिनों पूर्व ही किसी तरह से मेहनत मजदूरी करते हुए 5 हजार रुपए में खरीदी थी। वह नई साइकिल से अपनी मां को लेकर पेंशन की राशि निकालने के लिए आई हुई थी। मौके पर पीएलवी ने शाखा प्रबंधक से बैंक व्यवस्था दुरुस्त करने एवं हेल्प डेस्क लगाने हेतु आग्रह किया। थाना प्रभारी से संपर्क नहीं हो पाया। अंचलाधिकारी को इसकी सूचना दी गई है। पीएलवी के अनुसार प्रशासन को व्यवथा दुरुस्त करनी चाहिए ताकि इस तरह की घटना दोबारा न घटे।

## बोड़ाम में शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय बांकादा में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पटमदा-बोड़ाम अंचल की एक संयुक्त बैठक डॉ. समीर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान 21 सितंबर से झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के समक्ष आयोजित धरना- प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। आयोजित-धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों को शामिल होने के लिए अपील की गई। बार बार ज्ञापन देने तथा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय द्वारा प्रोन्नति सूची तैयार होने के बावजूद शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं देने के कारण शिक्षकों ने बाध्य होकर धरना-प्रदर्शन की राह अपनाई है। इस बार आर-पार की लड़ाई होगी। 21 सितंबर को जिला कार्यालय से प्रोन्नति संबंधित ठोस लिखित आश्वासन नहीं मिलने पर उक्त धरना-प्रदर्शन क्रमिक अनशन के रुप में परिवर्तित हो जाएगा। उक्त क्रम में प्रत्येक प्रखंड विभिन्न तिथियां को धरना में शामिल होंगे तथा 24 सितंबर को बोड़ाम -पटमदा के शिक्षक उसमें शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से अनिल कुमार गिरि, पशुपति महतो, गोपाल कृष्ण साव, अमिय दत्त, देवेन्द्र नाथ सिंह, यशवंत सिंह, राखाल रजक, दुखुराम सिंह, जगदीश प्रसाद मंडल, कृष्ण चंद्र दास, वीरेश नायक, मंगल सिंह, सुधीर चंद्र मुर्मू , सीमा रानी महतो व दिलीप कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## रितेश कुमार पासवान बने युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सह कोल्हान प्रवक्ता

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कमेटी का विस्तार करते हुए नए सदस्यों को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। उनके द्वारा जारी सूची के अनुसार, रितेश कुमार पासवान को युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव सह कोल्हान प्रवक्ता बनाया गया है। उसी प्रकार, अनिल पासवान और दीपक भंडारी को युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव तथा अभिषेक आनन्द को सरायकेला-खरसावां जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# बेंगलुरू एफसी की पहली भिड़ंत ईस्ट बंगाल एफसी से आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बेंगलुरू एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सीजन 2024-25 में अपना पहला मैच ईस्ट बंगाल एफसी से खेलेगी जिसमें दोनों टीमें शनिवार, 14 सितंबर को शाम 7:30 बजे यहां श्री कांतीरवा स्टेडियम में जीत से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेंगी। बेंगलुरू का मजबूत ओपनिंग मैच रिकॉर्डः इस मामले में बेंगलुरू का आईएसएल इतिहास मजबूत रहा है, क्योंकि ब्लूज अब तक अपना पहला मैच केवल एक बार हारे हैं। उन्हें वो हार पिछले सीजन में मिली थी जब वे केरला ब्लास्टर्स एफसी से 1-2 से हारे थे।



**ईस्ट बंगाल के गोल करने का सिलसिला**

ईस्ट बंगाल एफसी ब्लूज के खिलाफ लगातार गोल कर रही है, उसने अपने पिछले चार मुकाबलों में से प्रत्येक में गोल दागे हैं और तीन जीत हासिल की है। लेकिन यह भी तथ्य है कि रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड अच्छी शुरुआत नहीं करती है। उसने कभी भी अपना पहला आईएसएल मैच नहीं जीता है और वो इसे बदलना चाहेगी। बेंगलुरू एफसी के हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने कहा, जिन खिलाड़ियों को हम चाहते थे, उनको अनुबंधित किया गया। खेल निदेशक और मालिकों ने अपना काम कर दिया है और अब हमारी बारी है। प्रशिक्षण, फिटनेस और रणनीति के मामले में हमारा प्री-सीजन बढ़िया रहा। कार्लेस कुआड्राट पिछले सीजन में ईस्ट बंगाल एफसी से जुड़े थे और उनकी देखरेख में, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड डूरंड कप के फाइनल में पहुंची और सुपर कप जीती, जिससे उसे एशिया में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। कार्लेस ने कहा, हम एक टीम बना रहे हैं और पिछले सीजन से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हमने नए खिलाड़ियों को शामिल किया है जिससे कि हम अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकें। साथ ही, हमने युवाओं को अवसर दिए हैं। कुछ ने डेब्यू सीजन में गोल करने में सहायता की थी या फिर गोल किए थे। इस बार वे लीग के लिए अधिक तैयार हैं।

## पोटका में दो सौ लोगो ने थामा भाजपा का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** विधानसभा चुनाव से पूर्व पोटका में झामुमो और कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। इधर भाजपा नेता उपेन्द्र नाथ सरदार व होपना महाली की अगुवाई में आज दो सौ लोगो ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस बाबत सोहदा मैदान में समारोह आयोजित की गई जहां ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा अ0ज0जा0प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्रनाथ सरदार उर्फ राजू के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता उपेन्द्र नाथ सरदार व होपना माहली ने सभी को पट्टा पहना कर स्वागत किया। पार्टी ने शामिल होने वाले में आकाश भुमिज, संजय सिंह सरदार, चन्द्र मोहन सरदार,दुवराज सरदार,जेम कुमार सिंह सरदार, सुजित सिंह सरदार, मंटु सिंह सरदार, कैलाश प्रमाणिक साथ में सेंकड़ों महिला शामिल थी।

## भाजपा ने 19 वर्षो तक राज्य में जनहित का एक भी नही किया काम : दशरथ गागराई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र रोलाहातु पंचायत के रोलाहातु स्कूल भवन में शुक्रवार को आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक दशरथ गागराई व समाजसेवी बासंती गागराई ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने परसंपत्तियों का वितरण भी किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार आपके अपने आवश्यक कार्य करने हेतु पंचायत तक प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारीयों को भेज रही है। ताकि आपको प्रखंड का चक्कर लगाना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में सबसे ज्यादा 19 वर्षों तक राज्य में सरकार चलाया लेकिन जनहित के एक भी काम नहीं किया। हेमंत सोरेन राज्य में बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली के साथ बकाया बिल भी माफ किया। विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि



रोलाहातु पंचायत का सर्वांगीण विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। रोलाहातु गांव में बच्चों की पठन-पाठन के लिए स्कूल भवन तक नहीं था। जो आज भवन बनकर तैयार है।इस दौरान मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई, समाजसेवी बासंती गागराई, बीडीओ साधुचरण देवगम, सीओ अनंत शयनम, विश्वकर्मा बीटीएम राजेश कुमार, बीएओ लिबुनश हेंब्रम, मुखिया करम सिंह मुंडा, मुखिया शास्त्री सांगा, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंड, प्रखंड कनिय अभियंता सुमित कवि, प्रशांत सिन्हा, जैनेंद्र कुमार, बीपीएम रागिनी टोपनो, अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा, सचिव मुन्ना सोय, मुनीराम मुंडा, लखीराम मुंडा, भोंज सांगा, पूर्व शिक्षक विनोद सिंह आदि उपस्थित थे।

## अंसार खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिला मानगो नगर निगम उपनगर आयुक्त से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में मानगो बस्ती से एक प्रतिनिधिमंडल मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। अंसार खान ने मानगो नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद को बताया गुलाब बाग फेस टू में नाली और रोड पास होने के बावजूद भी वहां अभी तक कार्य नहीं किया गया। दूसरी और जवाहर नगर क्रॉस रोड नंबर 14 आफरीन टावर के पीछे, जवाहर नगर रोड नंबर 6 रोज कॉलोनी और जवाहर नगर रोड नंबर 6 कूट-कूट



डूंगरी रोड भी पास होने के बावजूद भी वहां भी कोई कार्य नहीं किया गया है। सहायक नगर आयुक्त ने बताया सभी जगह का रोड और नाली पास हो चुका है। बरसात होने के कारण काम में देरी हुई है। सभी जगह जल्द से जल्द काम शुरू कराया जाएगा। मानगो क्षेत्र में काफी स्ट्रीट लाइटें खराब हो चुकी है उन्हें जल्द से जल्द बनाया जाए और जो लाइट खराब हो चुकी है उनकी जगह दूसरी लाइट लगाई जाए और मानगो के कई क्षेत्र में कूड़े का अंबार लगा हुआ है कूड़े को हटाकर वहां सफाई कराया जाए। आज प्रतिनिधि मंडल में मोहम्मद निजामुद्दीन, मोहम्मद अजहर, मोहम्मद आजम, मोहम्मद आदिल खान मौजूद थे।

## करीम सिटी कॉलेज के प्रो डॉ उधम सिंह का लेक्चर केंद्रीय विद्यालय में आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ उधम सिंह का लेक्चर पीएम केंद्रीय विद्यालय टाटानगर में हुआ। पीएम केंद्रीय विद्यालय टाटानगर ने अपने छात्र-छात्राओं के लिए %कैरियर गाइडेंस प्रोगाम% के नाम से एक कार्यशाला आयोजित की जिसमें कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल आशुतोष कुमार झा ने की। डॉ उधम सिंह ने कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए



अनगिनत ऐसी संभावनाओं को बच्चों के सामने रखा जिनके रास्ते इंटरमीडिएट के बाद खुलते हैं। इस संबंध में उन्होंने बताया कि करियर का संबंध वास्तव में विद्यार्थी की अपनी रुचि तथा तैयारी पर आधारित होती है। 12वीं के बाद डीएलएड/ विभिन्न क्षेत्रों में डिप्लोमा/इंटीग्रेटेड कोर्सेज/ बीए बीएड/बीए एलएलबी/इंटीग्रेटेड एमबीए/ एमबीबीएस आदि जैसे अनेकों रास्ते सामने होते हैं जिनमें से किसी एक को अपना लक्ष्य बनाना है और उसकी प्राप्ति के लिए मेहनत करनी है। डॉ सिंह ने इसके लिए सरकारी योजनाओं तथा वित्तीय सहायता के स्रोतों और समाजिक सतह पर भी उपलब्ध सुविधाओं का भी जिक्र किया।

## आदित्यपुर फुटबॉल मैदान में 15 को करम महोत्सव, कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कुड़मी सेना (टेटोमिक) के बैनर तले आगामी 15 सितंबर को आदित्यपुर के फुटबॉल मैदान में आयोजित विशाल करम महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम के सम्बंध में जानकारी देते हुए कुड़मी सेना के अध्यक्ष लालटू महतो ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, जयमुनि महंता, शीतल ओहदार आदि शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है जिसमे झारखंड, बंगाल और उड़ीसा से लोग आएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे से होगा जबकि मुख्यमंत्री का आगमन शाम चार बजे होगा। इस मौके पर करम नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। उक्त



प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 25 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 18 हजार, तृतीय पुरस्कार 12 हजार तथा चतुर्थ पुरस्कार 8 हजार रुपए दिए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र चुमकी रानी का झूमर होगा। इसके अलावा झारखंड की नृत्य कला का संगम यहां होगा। प्रेस कांफ्रेंस में कुड़मी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष लालटू महतो, दीपांकर महतो, राहुल महतो, लक्ष्मण महतो, महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष शर्मिला महतो, बोबुन महतो आदि भी शामिल थे।

## वंदे भारत चांडिल स्टेशन ठहराव से लोगों में खुशी : अरविंद सिंह

**▶▶ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शामिल होंगे भाजपा कार्यकर्ता**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के हजारों कार्यकर्ता 15 सितंबर को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शिरकत करेंगे. कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा इसे लेकर भव्य तैयारी की जा रही है. उक्त बातें ईचागढ़ के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता अरविंद सिंह ने चांडिल में प्रेस वार्ता में कहीं।पूर्व विधायक अरविंद सिंह प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 15 सितंबर को जमशेदपुर में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में 5,000 से भी अधिक संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। कहा कि 15 सितंबर को ही प्रधानमंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन चांडिल स्टेशन पर भी रुकेगी। ईचागढ़ क्षेत्र वासियों को वंदे भारत के ठहराव से काफी फायदा मिलेगा। अरविंद सिंह ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है. वहीं उन्होंने बताया कि स्थानीय सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को एक मांग पत्र सौंपा गया है। जिसमें चांडिल व आसपास के रेलवे स्टेशन पर कोरोना से पूर्व रुकने वाले एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव दोबारा शुरू करने की मांग की गई है। इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में अरविंद सिंह के अलावा सारथी महतो, मधु गोराई समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

## विश्व सेप्सिस दिवस पर नारायणा हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल में विश्व सेप्सिस दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेप्सिस जैसी जीवन-घातक स्थिति के बारे में लोगों को जागरूक करना और इसे रोकने के लिए शीघ्र निदान व उपचार के महत्व को समझाना था। इस मौके पर हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञों की वार्ता सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया, जो सेप्सिस के लक्षणों, रोकथाम और उपचार पर केंद्रित रहीं। कार्यक्रम में फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज, क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ. एम. एल. अली, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. मुकेश कुमार और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. सुनील केडिया उपस्थित थे। डॉ. सुनील केडिया ने कहा कि सेप्सिस दुनिया में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है, और



इसे जल्द पहचान कर उपचार करना जीवन बचाने में महत्वपूर्ण है। हॉस्पिटल की आईसीयू टीम ने सेप्सिस के उपचार के लिए अपने नए प्रोटोकॉल का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम के दौरान सभी को सेप्सिस के लक्षणों पर ध्यान देने और चिकित्सा सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## बरबस ही काशी का फूल लोगों को कर रहा है आकर्षित

**अरूण कुमार माझी @ प्रभात मंत्र**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड क्षेत्र में बर्षा ऋतु की विदाई और नव रात्रि का आगमन पर वादियों पर मनमोहक काशी का फूल बरबस ही लोगों को अपने ओर आकर्षित कर रहा है। काशी के फूल बर्षा ऋतु के विदाई और नव रात्रि पूजा का लोगों को एहसास कराता है। नदी किनारे, वादियों और मेड़ों पर बिछे सफेद मखमली कालीन जैसी छटाएं सभी को आकर्षित कर रहा है। काशी फूल को मां दुर्गा के स्वागत पुष्प के रूप में देखा जाता है। शारदीय नवरात्र के पहले मां दुर्गा के स्वागत के लिए मानों काशी फूल धरातल पर हरे चादर में सफेद



मखमली चादर की तरह बिछ जाते हैं। धरती मानों हरियाली में सफेदी को लेकर इठला रही है। काशी फूल ऊंचे व पहाड़ी वादियों में आसमान के सफेद बादलों से टकराते मनमोहक दृश्य ब्याहता के मन में उत्साह का संचार होता है। काशी फूल का जन्म से लेकर मृत्यु तक परम्परा में विशेष महत्व है। काशी फूल की गरिमा कुछ खास है। काशी फूल को लेकर कई लोकगीत भी प्रचलित है। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भादरिया लोक गीतों में काशी फूल का विशेष समावेश है। शुभ कार्यों में भी काशी फूल और पत्ते का उपयोग किया जाता है। वहीं समाज सेवी अनिल सिंह ने बताया कि काशी फूल बर्षा का विदाई और मां दुर्गा पूजा का आगमन का एहसास कराता है। काशी फूल पहाड़ी वादियों और नदी किनारे पर लोगों का मन मोह लेता है। उन्होंने कहा कि काशी फूल से बहुत तरह के आयुर्वेदिक दवा भी बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में काशी फूल का हर रिती रिवाज में इसका उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि काशी फूल खिलते ही लोगों में दूर्गा पूजा का आगाज होने लगता है। उन्होंने कहा कि काशी फूल का ग्रामीण परिवेश में काफी महत्व है।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–मंगल कुमार सिंह, उम्र–31 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 6 ईंच, पहनावा–चेक कमीज एवं नीला रंग का पैंट पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता व्यक्ति मंगल कुमार सिंह, उम्र–31 वर्ष, मालकेश्वर सिंह, मनहरी, पेस्ट–अमझर, थाना–मयुरहण्ड, जिला–चतरा जो दिनांक–08.06.2024 को रॉंची रेलवे स्टेशन से कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में चुटिया थाना सनहा संख्या 20/2024 दिनांक–15.06.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इस की सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक नगर, रॉंची। –9431706139

थाना प्रभारी चुटिया, रॉंची। –9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 335773 Police(24-25)#D

संपादकीय

## न्याय जैसा हो न्याय

**यह** सुखद ही है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए। लेकिन पिछले दिनों न्यायिक बिरादरी के विभिन्न आयोजनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। लेकिन यहां विचारणीय प्रश्न यह भी कि जिला स्तर पर न्यायालयों में लंबित मामलों का ग्राफ लगातार क्यों बढ़ता जा रहा है। जिला अदालतों में साढ़े चार करोड़ मामलों का लंबित होना हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। जिसके लिये न्यायिक प्रकिया से जुड़े कामकाज की समीक्षा होनी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न मुख्य न्यायाधीशों ने बार-बार निचली अदालतों में न्यायाधीशों की कमी का मुद्दा भी उठाया है। जाहिरा तौर पर संसाधनों की कमी भी न्यायिक प्रक्रिया की गति को प्रभावित करती है। दरअसल, कुछ समाजशास्त्री मानते रहे हैं कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की वजह वह जटिल व्यवस्था भी है, जिसके चलते अपराधी बच निकलने का रास्ता निकाल लेते हैं। किसी भी वारदात के बाद आम विमर्श का विषय होता है कि अपराधियों में पुलिस व कानून का भय नहीं रह गया है। कुछ लोग मानते हैं कि सख्त कानून के साथ ही त्वरित न्याय भी अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना पाएगा। कोलकाता में एक मेडिकल कालेज के अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या कांड ने पूरे देश को उद्वेलित किया है। पूरे देश में अपराधियों को शीघ्र व सख्त दंड देने की मांग की जा रही है। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। यही वजह है कि देश में शीर्ष स्तर पर भी यह धारणा बलवती हो रही है कि विभिन्न हितधारक सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं, जिससे उस धारणा को तोड़ा जा सकता है कि न्याय देने वाली प्रणाली तारीख पर तारीख की संस्कृति को बढ़ावा देती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष होने पर शीर्ष न्यायिक नेतृत्व लंबित मामलों के निपटारे के लिये नई प्रभावी रणनीति बनाएगा। निर्विवाद रूप से देश के सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर ऐसे युगांतरकारी फैसले दिये हैं, जिन्होंने न केवल संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की बल्कि महिलाओं-बच्चों व पीड़ित पक्षों को न्याय भी दिलाया है। साथ ही समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की है। यही वजह है कि व्यक्ति न्यायालय को अंतिम न्याय की किरण के रूप में देखता रहा है।

संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए। लेकिन पिछले दिनों न्यायिक बिरादरी के विभिन्न आयोजनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके।

### 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है

## सर्वसुलभ इंसाफ की उम्मीद को पंख लगे

ललित गर्ग

संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए और विभिन्न आयोजनों में सर्वच्च न्यायालय की भूमिका को अधिक सशक्त बनाने के विषय पर गंभीर मंथन भी हुआ, ऐसे ही आयोजनों में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है।'

**यह** सुखद, अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक अवसर ही है कि देश के सर्वच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए और विभिन्न आयोजनों में सर्वच्च न्यायालय की भूमिका को अधिक सशक्त बनाने के विषय पर गंभीर मंथन भी हुआ, ऐसे ही आयोजनों में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है' वाली इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की इस स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, उसे देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए अलार्म बेल माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि जब तक न्यायपालिका देश के आम लोगों को सहजता से इंसाफ तक पहुंचने का रास्ता मुहैया नहीं कराती, तब तक उसका काम पूरा नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। अदालतों से न्याय पाने की प्रक्रिया बड़ी खर्चीली है और इसमें बेहिसाब वक्त लगता है। इन दोनों ही का नतीजा इसी रूप में सामने आता है कि इंसाफ की आस लेकर अदालत पहुंचा व्यक्ति फैसला आने तक टूट चुका होता है। इसीलिये



राष्ट्रपति ने ठीक ही कहा कि किसी गंभीर अपराध से जुड़े मामले का फैसला आने में 32 साल लग जाए तो लोगों को ऐसा लगना अस्वाभाविक नहीं कि शायद अदालतें ऐसे मामलों को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। राष्ट्रपति ने किसी खास मामले का जिक्र नहीं किया, लेकिन उनका इशारा अजमेर में पॉक्सो अदालत द्वारा इसी 20 अगस्त को सुनाए गए फैसले की तरफ था। एक चर्चित सेक्स स्कैंडल से जुड़े इस मामले में छह लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाने में 32 साल लग गए। यह अपनी तरह का कोई इकलौता मामला नहीं है। बेहद गंभीर और वीभत्स अपराध के सैकड़ों ऐसे मामले हैं, जो अदालतों में बरसों से लंबित पड़े हैं। लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती पर महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों? प्रश्न यह भी है उन्हें समय पर त्वरित न्याय कब मिल सकेगा? दुर्भाग्य से ये प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। कोलकाता में एक मेडिकल कालेज के अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या कांड ने पूरे देश को उद्वेलित किया है। पूरे देश में अपराधियों को शीघ्र व सख्त दंड देने की मांग की जा रही है। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को मजबूत करने में न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, ग़रीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ़ कमजोर समूहों का योग्य संरक्षक और करोड़ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छोड़कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और क़ानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, बढ़ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी चीज़ों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है-नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है। निश्चित ही डी.वाई. चंद्रचूड न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा करते रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दिये हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देती रही है।

दृष्टि कोण

## भारत-पाकिस्तान के बीच बदलती फिजा के संकेत

**क्या** प्रधानमंत्री मोदी के लिए समय आ गया है कि वे अपनी झिझक छोड़कर कहें : 'हां, मैं पाकिस्तान जाऊंगा'? जिन लोगों को ज्यादा खबरों का पता न होगा, उनके लिए बता दें कि पिछले 48 घंटों में बहुत कुछ घटा है। पंजाब में सिकुड़ते जा रहे शिरोमणि अकाली दल का फायदा आम आदमी पार्टी को अपना आधार मजबूत करने में हो रहा है– खासतौर पर जब अकाली विधायक अपने पूर्व सहयोगी दल भाजपा में शामिल होने से कतरा रहे हैं– पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, जिनका परिवार अमृतसर से है, उन्होंने मोदी को पत्र लिखकर अक्तूबर में इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि उसे ऐसा निमंत्रण मिला है, लेकिन इसको लेकर इरादा क्या है, यह नहीं बताया। यह भी सच है कि पाकिस्तानी प्रतिष्ठान ने इस उम्मीद में यह खबर जारी की होगी कि इससे भारत के अंदर कुछ सार्वजनिक दबाव बनेगा –अपने दिल में दर्द पाले उन उदारवादियों का, जिनकी आजीविका 'संपर्क करने और छूने' की मानवीय भावना को उभार देने पर टिकी है, फिर अटारी-वाघा बॉर्डर पर 'मोमबत्ती जलाने वाली टोली' सदा इस रूप में भरोसेमंद रही है कि वह बातचीत के लिए दबाव बनाए। हर चीज़ को नकारने वाले लोगों की उबाऊ भविष्यवाणी भी उतनी ही सटीक है। उनके लिए : मोदी इस्लामाबाद नहीं जाएंगे, न ही जा सकते हैं और जाना भी नहीं चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान दुश्मन है, सो भरोसे लायक नहीं है। अगर आप भी ऐसे लोगों में एक हैं, तो फौरन अपना बोरिया-बिस्तर समेटकर अगली बस पकड़कर गुरदासपुर पहुंचें, ताकि आपको अपनी दुश्मनी को और पुख्ता करने का मौका मिले। जहां पर भारत-पाकिस्तान सीमा के कुछ किलोमीटर अंदर, जीरो लाइन से गज भर की दूरी पर ड्रोन उतरते हैं, यह तब आप जानेंगे कि कैसे हेक्साकॉप्टरों (ड्रोन) द्वारा शुद्धतम ग्रेड की सफेद हेरोइन -स्थानीय भाषा में चिट्टा- पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के आदेश पर पैकेटों के रूप में पहुंचाई जाती है। निसंदेह 'छद्म युद्ध' चलाने के अनेकानेक तरीके हैं। दूसरा तरीका है, प्रशिक्षित आतंकवादियों की घुसपैठ जम्मू क्षेत्र में करवाना। सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि हाल के महीनों में भारतीय सैनिकों और अर्धसैनिक बलों पर घात लगाकर जो हमले हुए हैं- जिनमें इस बार की गर्मियों में अब तक 18 सैनिक शहीद हुए हैं – कश्मीर घाटी से ध्यान हटाने के लिए पाकिस्तानी सरकार की एक सोची-समझी रणनीति है। तो, प्रधानमंत्री मोदी को क्या करना चाहिए? उन्हें पाकिस्तान जाना चाहिए या नहीं? सनद रहे पूरे 10 साल पहले, मोदी ने दिल्ली में अपने पहले शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को आमंत्रित किया था और शरीफ आए भी – अपने शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान की सलाह के विरुद्ध। जब शरीफ दिल्ली से वापस घर लौटे, तो कहा जाने लगा कि वे और उनका पद मुश्किल में है, क्योंकि उन्होंने उस व्यक्ति से हाथ मिलाना चुना जो 2002 के दंगों के वक्त गुजरात का मुख्यमंत्री था, जिसमें एक हजार से अधिक मुसलमान मारे गए थे। लेकिन शरीफ ने इसकी व्याख्या इस तरह से की : 'मोदी दक्षिण एशिया के सबसे शक्तिशाली देश के प्रधानमंत्री थे, पाकिस्तान भारत का पड़ोसी है और दोनों ने विगत में उतार-चढ़ाव देखे हैं–ऐसे में शांति का हाथ बढ़ाना उनका कर्तव्य था'। परंतु शांति की यह बयार ज्यादा देर तक नहीं चली। 2 जनवरी, 2016 को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पठानकोट के वायुसेना अड्डे पर हमला किया। जल्द ही, मोदी ने घोषणा की कि सीमा पारीय आतंकवाद समाप्त होने तक वे पाकिस्तान के साथ तमाम बातचीत बंद कर रहे हैं। वार्ता प्रक्रिया ठंडे बस्ते में डाल दी गई। लेकिन सच यह है कि आठ साल बाद भी सीमा पारीय आतंकवाद समाप्त नहीं हुआ है। इस साल ग्रीष्म ऋतु शुरू होने के साथ जम्मू में घटी आतंकी घटनाएं संकेत देती हैं कि कोई तो है जो पर्दे के पीछे से पूरे तमाशे को चला रहा है। 'उसकी टूटी (नल का हैंडल) मेरे हाथ में है' –ये शब्द थे एक वरिष्ठ पाकिस्तानी जनरल के, जब 1999 की गर्मियों में, कारगिल युद्ध के चरम पर, उसने अपने सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ को सीमा पारीय आतंकवाद पर पाकिस्तान के नियंत्रण के बारे में कुछ इस तरह समझाया था। इस बातचीत को भारतीय खुफिया विभाग ने रिकॉर्ड किया, लिपिबद्ध किया और तत्कालीन पाकिस्तानी विदेश मंत्री सरताज अजीज को दिखाया, जब वे बीजिंग जाते समय दिल्ली में रुके थे। पहले तो अज़ीज़ वह बचाने का प्रयास करते रहे जिसका बचाव हो नहीं सकता था यानि कारगिल में पाकिस्तानी आक्रमण, लेकिन जब टेप सुनाकर पूछा गया तो इसके बाद उनके पास कहने के लिए और कुछ नहीं था। 2016 से मोदी भी ठीक इसी तरह दुविधा का सामना कर रहे हैं।

कुछ अलग

## डिप्रेशन में जा रहे युवा अवनि लेखरा से प्रेरणा लें

**जयपुर** की अवनि लेखरा ने भारत के लिए लगातार दो पैरालंपिक में शूटिंग स्पर्धा में दो गोल्ड मैडल जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। खेल के साथ अवनि को रामचरितमानस से भी शक्ति मिली है। अवनि के पिता प्रवीण लेखरा ने स्वयं यह बात बताई। पिता प्रवीण ने बताया कि रामचरितमानस की चौपाई 'कवन सो काज कठिन जग माहीं। जो नहिं होइ तात तुम्ह पाहीं॥' को अवनि दोहराती है। पेरिस पैरालंपिक में जाते समय भी यह चौपाई अवनि लेखरा कागज पर लिखकर ले गई है। मात्र 11 साल की उम्र में यदि कोई बच्चा दुर्घटना का शिकार हो जाए और आगे की जिंदगी अपंगता में बीते तो उसका मनोबल टूट जाएगा, लेकिन अवनि लेखरा अपवाद है। वर्ष 2012 में जयपुर से धौलपुर जाते समय एक भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई अवनि एकाएक व्हीलचेयर पर आ गई थी। लग रहा था कि जीवन में आगे कोई उम्मीद नहीं है। निराशा ने चारों ओर से घेर लिया था, लेकिन परिवार ने संबल दिया। विशेषकर पिता प्रवीण लेखरा ने मनोबल बढ़ाया। टोक्यो पैरालंपिक के बाद पेरिस पैरालंपिक में अवनि ने गोल्ड मैडल जीतकर उन सभी लोगों में एक नए आत्मविश्वास का संचार किया है, जो जीवन में कहीं न कहीं निराश हो चुके हैं। जब सड़क हादसे के बाद बेटी व्हीलचेयर पर आ गई और निराशा में डूबी रहती थी, तब पिता ने उसे राइफल शूटिंग के प्रति प्रोत्साहित किया। मन बहलाने के लिए एक दिन शूटिंग रेंज तक ले गए। वर्ष 2015 में अवनि ने शौकिया शूटिंग की शुरुआत की। हालांकि, चुनौतियां पहाड़ जैसी बड़ी थीं। अवनि की उम्र भी बेहद कम थी। परिवार के पास संसाधन भी नहीं थे। जयपुर में शूटिंग को लेकर सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं थीं। शुरू-शुरू में अवनि को राइफल तक उठाने में परेशानी होती थी। अवनि ने जब पहला मैच खेला तो उसके पास खुद की राइफल तक नहीं थी। उधार की राइफल से उसने गोल्ड मैडल जीता था। 2016 का साल अवनि के जीवन में एक नया सवेरा लेकर आया। उसने स्पर्धाओं में तीन गोल्ड मैडल जीते, जिससे उसका इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए चयन हो गया। वर्ष 2017 में यूएई में अवनि ने पहला वर्ल्ड कप खोला और सिल्वर मेडल जीत कर देश का मान बढ़ाया। टोक्यो पैरालंपिक में अवनि पहली भारतीय महिला बनीं, जिसने गोल्ड मैडल जीता। वो एक पैरालंपिक में दो मैडल (एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज) जीतने वाली पहली भारतीय हैं। अवनि पहली भारतीय ओलंपियन भी हैं, जिसने लगातार दो पैरालंपिक खेलों में गोल्ड मैडल जीते हैं। अवनि आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है, जो जरा सी असफलता से निराश हो जाती है। डिप्रेशन में चली जाती है। जो युवा आज डिप्रेशन में जा रहे हैं, वो अवनि की जिंदगी से सीख सकते हैं। अवनि के परिवार ने उसे बहुत सपोर्ट किया। उसी सपोर्ट की वजह से अवनि इस मुकाम पर पहुंची है। इसलिए हर परिवार की जिम्मेदारी है कि वो अपने बच्चों को अकेला न छोड़ें। बच्चे को सही राह दिखाएं। प्रत्येक बच्चे में कुछ न कुछ अद्भुत गुण छिपे होते हैं। बस उन्हें उभारने की जरूरत है।

देश दुनीया से

## भारत में सर्पदंश का कहर और सांपों से जूझती ग्रामीण आबादी

मनुष्य की इस स्वाभाविक प्रतिक्रिया से समझा जा सकता है कि आखिर झाड़ियों, घास में और बिल में दुबका हुआ सांप कितना खतरनाक होता है। बरसात के इन दिनों में धान आदि की खेती का मौसम है और यही समय सर्पदंश के लिए सर्वाधिक जोखिमपूर्ण है। दरअसल, सांप के काटने की घटनाएं ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में घटती हैं। इससे आम किसान या कृषि श्रमिक और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। बच्चों को अक्सर वयस्कों की तुलना में अधिक गंभीर प्रभाव झेलना पड़ता है, क्योंकि उनका शरीर का वजन छोटा होता है।

**सांप** को देखते ही शरीर में सिंहरन दौड़ पड़ती है। मनुष्य की इस स्वाभाविक प्रतिक्रिया से समझा जा सकता है कि आखिर झाड़ियों, घास में और बिल में दुबका हुआ सांप कितना खतरनाक होता है। बरसात के इन दिनों में धान आदि की खेती का मौसम है और यही समय सर्पदंश के लिए सर्वाधिक जोखिमपूर्ण है। दरअसल, सांप के काटने की घटनाएं ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में घटती हैं। इससे आम किसान या कृषि श्रमिक और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। बच्चों को अक्सर वयस्कों की तुलना में अधिक गंभीर प्रभाव झेलना पड़ता है, क्योंकि उनका शरीर का वजन छोटा होता है। जहरीले सांपों के काटने से कुछ ही समय में मौत से लेकर लकवा, सांस लेने में दिक्कत, रक्तस्राव संबंधी विकार से घातक रक्तस्राव, अपरिवर्तनीय किडनी फेल्यौर, ऊतक क्षति से स्थायी विकलांगता और अंग विच्छेदन हो सकता है। यह समस्या मुख्य रूप से विकासशील देशों की और खास कर कृषि प्रधान ग्रामीण और वनवासी जनजातियों की है। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य संकट पैदा करती है बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी डालती है। लेकिन इस समस्या को किसी भी स्तर पर मानव वन्यजीव संघर्ष की अन्य घटनाओं की तरह गंभीरता से नहीं लिया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के अनुसार दुनियाभर में हर साल 50.40 लाख लोग सांपों द्वारा काटे जाते हैं और 81,410 से लेकर 1,37,880 तक लोग सर्पदंश से मर जाते हैं तथा लाखों लोग विकलांगता और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। भारत का यह आंकड़ा और भी चौंकाने वाला है। हालांकि सर्पदंश पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन और नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों में भारी अंतर है। फिर भी सरकार द्वारा गत 12 मार्च 2024 को भारत में सर्पदंश से होने वाली मौतों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना की शुरुआत के समय जारी विवरण के अनुसार भारत में हर साल लगभग 3-4 मिलियन सर्पदंशों में से लगभग 50,000 मौतें होती हैं, जो वैश्विक स्तर पर होने वाली सभी सर्पदंश मौतों का आधा हिस्सा है। इधर, विभिन्न देशों में सर्पदंश के शिकार लोगों का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही क्लीनिकों और अस्पतालों में रिपोर्ट करता है और सर्पदंश के वास्तविक बोझ की रिपोर्ट बहुत कम की जाती है। केंद्रीय स्वास्थ्य जांच ब्यूरो की रिपोर्ट (2016-2020) के अनुसार, भारत में सर्पदंश के मामलों की औसत वार्षिक आवृत्ति (फ्रीक्वेंसी) लगभग 3 लाख है और लगभग 2000 मौतें सर्पदंश के कारण होती हैं। जबकि सच्चाई यह है कि भारत में सर्पदंश से होने वाली मौतों की वास्तविक संख्या किसी के पास नहीं है, क्योंकि ले घटनाएं अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों और वन बस्तियों में होती हैं और लोग सांप के काटने पर झाड़ फूंक और घरेलू इलाज पर समय बरबाद कर देते हैं। समय पर सही उपचार न मिलने पर सर्प दंशित व्यक्ति जान गंवा बैठता है। पुलिस और अस्पताल तक मामले न जाने के कारण उनकी रिपोर्टिंग नहीं हो पाती।

### मॉनसून का सीजन सर्वाधिक जोखिमपूर्ण

भारत में मॉनसून का मौसम, जो आमतौर पर जून से सितंबर तक चलता है, सांप के काटने के लिए सबसे ज्यादा संवेदनशील अवधि होती है। मॉनसून में भारी बारिश होती हैं। भारी बारिश से सांपों के आवास नष्ट होते हैं और उनके बिलों में पानी भरता है। इससे सांप भोजन और आश्रय की तलाश में मनुष्यों के रहने वाले क्षेत्रों में चले जाते हैं। मॉनसून का मौसम कृषि गतिविधियों के लिए भी सबसे अच्छा समय होता है। खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर अनजाने में उन सांपों के संपर्क में आ सकते हैं जो ऊंची घास या मलबे के नीचे शरण लिए हुए होते हैं। माना जाता है कि मॉनसून के दौरान नमी का उच्च स्तर सांपों को अधिक सक्रिय बना सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि गर्म, गीली परिस्थितियों में शिकार की उपलब्धता बढ़ सकती है, जिससे सांपों की अधिक गतिविधि हो जाती है। भारत की जनसख्या बढ़ते जाने के साथ ही अन्य मानव-जीव संघर्ष की तरह अपने अस्तित्व को बचाने के लिए मानव-सांप संघर्ष भी बढ़ता जा रहा है। मानव निवास विस्तार प्राकृतिक आवासों पर अतिक्रमण करता है। लोगों और सांपों के बीच यह बढ़ा हुआ सम्पर्क विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, सांप के काटने की संभावना को बढ़ाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन से भी सांपों के व्यवहार और वितरण को प्रभावित कर रहा है। उदाहरण के लिए, गर्म तापमान और बदले हुए वर्षा पैटर्न उन आवासों का विस्तार कर सकते हैं जहां सांप रहते हैं और उनकी गतिविधि बढ़ सकती है। वनों की कटाई और कृषि विस्तार के कारण वन क्षेत्रों का नुकसान सांपों को भोजन और आश्रय की तलाश में मानव बस्तियों में पलायन करने के लिए मजबूर कर रहा है।

आप का नजरीया

## भीड़ कम करने के लिए

**भीड़** कम करने की वजह हिमाचल के शहरी आवरण को फिर से लिखने की जरूरत सरीखी है। वीरभद्र सिंह के बाद यह पैगाम सुक्खू सरकार ने दिया है कि राजधानी से कुछ कार्यालय जिला मुख्यालयों को रुखसत किए जाएंगे। शांता कुमार सरकार ने बिजली महकमे के कई कार्यालय सुंदरनगर भेजे थे, तो वीरभद्र सिंह ने नार्थ, साउथ व सेंट्रल जोन बनाकर विभागों के क्षेत्रीय कार्यालय और कुछ मुख्यालय स्थानांतरित किए थे। प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश के क्षेत्रीय कार्यालयों का एक और जोन बनाकर हमीरपुर में इनकी तादाद बढ़ाई थी। बेशक शिमला में राजधानी के हिस्से बंटे और इन्हीं से निकला था निचले क्षेत्रों में मुख्यमंत्री का शीतकालीन प्रवास, तपोवन में शीतकालीन सत्र और धर्मशाला में शीतकालीन राजधानी का सफर। एक बार फिर शिमला की बाहों से भीड़ का बोझ निकाला जाएगा। यह संभव है अगर नगर की डगर पर आसमानों का युद्ध न हो, वरना सत्ता की मंजिलें सियासी भीड़ बन जाती हैं। देखना यह भी होगा कि शिमला से उठा कर भीड़ किस शहर की संपत्ति बनने के लिए उपयोगी सिद्ध होती है। मसलन कृषि विश्वविद्यालय अगर पालमपुर में है, तो कृषि विभाग का निदेशालय वहां हो सकता है। इसी तरह मेडिकल यूनिवर्सिटी मंडी के साथ चिकित्सा निदेशालय व सोलन विश्वविद्यालय के कारण बागबानी का निदेशालय वहां शिफ्ट किए जा सकते हैं। स्कूली बोर्ड शिक्षा व खेल नगरी के रूप में धर्मशाला में शिक्षा, खेल, युवा सेवाएं, भाषा एवं कला-संस्कृति तथा पर्यटन जैसे विभाग भेजे जा सकते हैं। बीबीएन क्षेत्र को प्रदेश की आर्थिक राजधानी का दर्जा देने के लिए उद्योग, प्रदूषण, वित्त निगम तथा औद्योगिक विकास निगम के कार्यालयों का औचित्य वहां बढ़ जाता है। इसके साथ बैंकिंग क्षेत्र की राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थाओं के मुख्यालय बीबीएन में शिफ्ट कर देने चाहिए। शिमला के उच्च न्यायालय का सर्किट बैंच धर्मशाला में खोलने की दशकों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में भी सरकार को अहम भूमिका निभानी चाहिए। शिमला को मिला राजधानी का दर्जा इसकी ऐतिहासिक विरासत का परचम बुलंद करता है, इसलिए यहां 'राज्य राजधानी क्षेत्र' की तर्ज पर विकास करना होगा। वर्षों से लंबित वाकनाघाट परियोजना को अब शिमला के भविष्य के अनुरूप विकसित करना चाहिए। बेशक शिमला को भीड़ से मुक्त कराने का एक तरीका इजाद हो रहा है, लेकिन भीड़ में मंदिर परिसरों, पर्यटक स्थलों, बढ़ते यातायात की मजबूरियों और परिवहन के दबाव को घटाने की जरूरत है। प्रदेश में दो-तीन शहरों के मध्य कर्मचारी नगर बसा कर नए कार्यालयों के लिए स्थान बनाया जा सकता है। शिमला से कार्यालय शिफ्ट कर देने से राज्य की भीड़ कम नहीं होगी। हमें याद रखना चाहिए कि पांच करोड़ पर्यटक आगमन का इंतजार पुनः शिमला के रिज, सडक़ों और पर्यटक स्थलों को खचाखच भर देगा। ऐसे में हर शहर की भूमिका में निखार लाने से पहले उसके मूल आचरण का वर्गीकरण करते हुए ही विभागों के कार्यालय शिफ्ट करने होंगे।

# जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** शुक्रवार को जनता दरबार में कान्हाचट्टी प्रखंड के पंचायत चारु ग्राम पेतलौल कला के अनिल सिंह ने उपायुक्त से मिल बताया कि मैं 45 प्रतिशत दिव्यांग हूं। मुझे चलने में काफी कठनाई होती है, मैं अति गरीब हूं। मुझे एक जगह से दूसरे जगह जाने के लिए ट्राई साइकिल की अतिआवश्यकता है। मुझे चालित चार्जेबल ट्राईसाइकिल सरकारी नियम के तहत उपलब्ध कराने कि कृपा की जाय। इस पर उपायुक्त ने जिला सामाज कल्याण पदाधिकारी को नियमसंगत लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन को लेकर मिलने आए वृद्ध महिला ने बताया कि कई माह पूर्व से मुझे पेंशन की राशि नहीं मिल रही है। इसपर उपायुक्त सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी से बात कर समस्याओं के कारण की जानकारी



लिया और वृद्ध महिला को भरोसा देते हुए कहा की जो भी समस्याएं हो रही है पेंशन में उसका निष्पादन एक माह के अंदर करते हुए आपका पेंशन की राशि आपके खाते में भेज दिया जाएगा। अगर इसके बाद भी किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो फोन पर इसकी जानकारी सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को दे सकते है। उन्होंने अबुआ आवास के क़िस्त की राशि नहीं मिलने से संबंधित शिकायत पर लाभुक को कहा नियमसंगत क़िस्त की राशि का लाभ आपको दिया जाएगा। अगर किन्ही के द्वारा अबुआ आवास के किस्त की राशि या फिर अबुआ आवास दिलाने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है तो इसके चक्कर में ना पड़े और इसकी शिकायत संबंधित अधिकारी को करें जिससे योजनाओं के नाम पर ठगी करने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई की जा सके। जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप द्वारा किया गया। उन्होंने एक एक कर जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, भूमि विवाद, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, से संबंधित समेत अन्य मामला शामिल है।उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।बताते चले की मंगलवार और शुक्रवार को 11 बजे से 1 बजे तक उपायुक्त श्री रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुन निष्पादन किया जाता है।

# दुर्गा पूजा को लेकर खधैया में कमेटी गठित, परमेश्वर बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** दुर्गा पूजा मनाने को लेकर खधैया मे विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण मे ग्रामीणों की एक बैठक शुक्रवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता परमेश्वर महतो, एवम संचालन मनीष राणा ने किया। जिसमें दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष परमेश्वर महतो, सचिव देवनाथ महतो, कोषाध्यक्ष हरेंद्र राणा, उपाध्यक्ष रामदेव राणा, उपसचिव रामजतन ठाकुर, उप कोषाध्यक्ष शंभू महतो, पूजा संचालक उत्तम सिन्हा और मुकेश राणा, उप संचालक मनीष राणा, पूजा क्षेत्र प्रभारी नवीन कुमार, मीडिया प्रभारी चितरंजन कुमार, संरक्षक बंशी राणा, शुभम आदित्य, विजय राणा, पिंटू राणा, मोहन कुमार, सुधीर राणा, सुखदेव राणा, जवाहर महतो, राकेश महतो, सुबोध महतो, चेतलाल राणा, लखन महतो, अशोक महतो, पूजा व्यवस्थापक लखन राणा, दिलीप प्रजापति, छक्कन प्रजापति, पूजा पंडाल एवम लाइट प्रभारी विजय राणा तथा पूजा निगरानी समिति / कार्यकारिणी समिति रमेश महतो, कौशल महतो, गौतम महतो, महेंद्र साव, कौलेश्वर महतो, सुरेन्द्र कुमार महतो, सुधांशु सिन्हा, राजेश कुमार महतो, आयुष कुमार महतो, पंकज कुमार राणा, शुभम राणा, केशर महतो, एपी कुमार महतो, राहुल कुमार महतो, कमलनाथ कुमार बनाये गये।

# एसडीओ सन्नी राज के निर्देशानुसार सड़कों पर पानी का किया गया छिड़काव



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा कोल नगरी के सड़कों पर जहां आए दिन धूल कण से राजगीर परेशान थे वहीं आम नागरिक भी काफी परेशानी का सबब झेल रहे। जिसे लेकर सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने सीसीएल के ट्रांसपोर्टरों को सड़कों पर पानी छिड़काव का निर्देशित किया था। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर कोल ट्रांसपोर्टरों द्वारा आम्रपाली गेट नंबर 1 से कल्याणपुर तक पानी का छिड़काव किया जा रहा है। पानी छिड़काव होने से अब राहगीरों और आम नागरिकों को काफी राहत मिल रही है। इस तरह अनुमंडल पदाधिकारी का प्रयास से आज सड़कों पर पानी छिड़काव होने के कारण एसडीओ सन्नी राज को राहगीरों और ग्रामीणों ने बधाई दिया है और कहा है ऐसे पदाधिकारियों को हमारे अनुमंडल क्षेत्र में रहना अति आवश्यक है। इनके कार्य से हम अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीण काफी संतुष्ट हैं। ऐसे धूल कण उड़ने वाले सड़कों पर आज तक किसी ने पानी छिड़काव का सुधि नहीं लिया था।

# वन पट्टा के लोभ में लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस बार जब गर्मी की प्रचंड़ता और रोज बढ़ रहे अत्यधिक तापमान से परेशान और बेचैन होकर हर व्यक्ति के मुख से एक ही आवाज आ रही थी कि वन लगाने चाहिए हर व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए लेकिन गर्मी का मौसम हुआ समाप्त और फिर लोग उसे ऐसे भूल गए मानो रात का सपना देखा हो। यहां वन लगाने की बात कौन कहे, लगा हुआ वन को रोज काट रहे हैं और कई एकडो में जंगल प्रतिदिन साफ हो रहे हैं। उसके पीछे एक ही उद्देश्य है कि ऐसा करके वहां झोपड़ी बनाकर रहने के बाद शायद उन्हें वन पट्टा का अधिकार मिलेगा और जमीन पर कब्जा होगा।ऐसी बात नहीं कि यह बात वन विभाग के संज्ञान में नहीं है सड़क के किनारे लगाए जा रहे झोपड़ी ,उजाड़े जा रहे वन को देखकर भी वन विभाग के जिम्मेवार अधिकारी मौन है। उनका यह मॉन होना।उजाड़े जा रहे जंगलो के प्रति और उस पर अनधिकृत रूप से कब्जा किए जाने के प्रति अधिकारियों की मौन सहमति है या मजबूरी । यह तो वही बता सकते हैं लेकिन फिलहाल पूरे जंगल के पेड़ कट रहे हैं और उसे पर झोपड़ी बनाया जा रहा है लोग अनादिकृत रूप से कब्जा कर रहे हैं।याद दिला कर बताते चलें कि कुछ वर्ष पूर्व जब प्रतापपुर से हंटरगंज तक सड़क का चौड़ीकरण होते हुए रोड बन रहा था उसे वक्त प्रतापपुर से राजा बांध तक सड़क के किनारे थोड़े से वन का जमीन पड़ता था जिसे इसी वन विभाग के पदाधिकारी ने एनओसी नहीं दिया हालात यह हुई कि आज भी वह सड़क नहीं बन पाया।सडक संकीर्ण होकर रह गया जिस कारण प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है लोग मर भी रहे हैं।

# सी ब्लूज ई-कोमर्स प्राइवेट लिमिटेड ने चतरा में बनाई अपनी पहचान कम समय में 5000 लोगों को जोड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय में सी ब्लूज ई-कोमर्स प्राइवेट लिमिटेड ने चतरा जिला में अच्छी नेटवर्किंग कर रही है। बताते चलें कि यह एक नेटवर्किंग सिस्टम है। और चतरा का लोकल नेटवर्क सिस्टम है। इसकी शुरुआत 15 जनवरी 2024 से हुई है। और अब तक इस नेटवर्किंग दुनिया में लगभग 5000 लोग जुड़ चुके हैं। यह कार्य चतरा जिला के निवासी सीईओ राज कपूर सिंह के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। जहां प्रमोटर संतोष कुमार साहू एवं फाइंडर आदित्य यादव संजय कुमार सिंह रेखा मैडम संजय दांगी विनोद साव वीरेंद्र यादव की मेहनत का फल दिख रहा है। इस नेटवर्क में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरह की सुविधा लोगों को दिया जा रहा है। इस नेटवर्क से जुड़ने पर



मोबाइल रिचार्ज डीटीएच रिचार्ज गैस बुकिंग बिजली बिल भर पाए फ्लाइट बुकिंग होटल बुकिंग में तीन से 6 प्रतिशत की छूट मिलती है। तथा ऑफलाइन में अन्य लोगों को इसका लाभ मिलता है। परंतु उन्हें छूट मिलने की प्रावधान तत्काल नहीं है फिर भी सीईओ ने कहा कि लोग अदि ऑफलाइन भी यहां से खरीदारी करते हैं तो उन्हें भी बाजार मूल्य से कम दर में सामान दिया जा सकता है। इस नेटवर्किंग के तहत लोग अपने रोजगार को भी बढ़ा सकते हैं। यह चतरा जिला के लोकल नेटवर्किंग सिस्टम है। जिसका पता चतरा बायपास रोड नगमा साफा क्लाइड स्कूल के सामने इसकी अपनी नेटवर्किंग कार्यालय भी है। और कार्यालय में बहुत बड़ा दुकान भी है जिसमें सभी तरह के सामग्री उपलब्ध हैं विशेष कपड़े की मॉल खुली हुई है जिसका पूजा अर्चना कर तेरा सितंबर को उद्घाटन भी किया गया है।

# आरबी हॉस्पिटल में हर्ट व न्यूरो के मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** आरबी हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर में शुक्रवार को हर्ट व न्यूरो के मरीजों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 150 से अधिक लोग जांच के लिए पहुंचे। शिविर में रांची पारस अस्पताल के हर्ट स्पेशलिस्ट डॉ कुंवर अभिषेक व न्यूरो के स्पेशलिस्ट डॉ मनीष कुमार धीरज पहुंचे थे। दोनों चिकित्सकों ने शिविर में आए मरीजों की जांच किया। तत्पश्चात मरीजों को आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाईयां भी दी गई। हॉस्पिटल के निदेशक जीएस राजू व विनय कुमार केसरी ने बताया कि अस्पताल में आम लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 150 से अधिक



लोगों का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि चतरा में आरबी हॉस्पिटल की ओर से समय समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुलाकर इस तरह का शिविर आयोजित किया जाता है। ताकि बाहर जाकर इलाज कराने में सक्षम नहीं रहने वाले मरीजों को चतरा में ही इलाज किया जा सकें। उन्होंने बताया कि आरबी हॉस्पिटल में भी आयुष्मान योजना के तहत आम मरीजों के लिए इलाज की व्यवस्था है। आयुष्मान योजना के तहत सरकार ने आम मरीजों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मरीजों के हितों को ध्यान में रखकर अस्पताल कैंपस में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है।

# ताला को तोड़कर शिक्षक के घर से जेवरात सहित नगद की चोरी



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत टोला छाताबर निवासी त्रिभुवन राम पिता बाबूलाल राम की घर मे बीते रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोना चांदी की जेवरात सहित तीस हजार नगद रुपया चोरी कर लिया। जानकारी देते हुए पीड़ित त्रिभुवन राम ने बातया की 10 सितम्बर को अपने पिताजी का तबियत खराब था उनका इलाज कराने हेतु हमलोग रांची लेकर चले गए थे?। घर मे कोई परिवार नहीं थे। भगीना रौशन कुमार के द्वारा फोन पर जानकारी दी गई। सुचना पाते ही बारियातू पुलिस को सूचित किए।पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की। जिसमें सोना की जेवरात में कान का टॉप, कान का झुमका दो पीस,मंगलसूत्र, गला का चैन, एक अंगूठी, 4 पीस नाक का बेसर एवं चांदी का जेवरात मे 8 पीस बेरा, चैन, कान का फूल सहित नगद 30 हजार रुपए की चोरी कर ली गई है।आगे उन्होंने बातया की बारियातू थाना मे आवेदन दिया गया है। बारियातू पुलिस मामले की जाँच पड़ताल कर रही है अपराधी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# बज्रगृह एवं मतगणना केंद्र को उपायुक्त के द्वारा किया गया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के निमित्त पॉलिटेक्निक कॉलेज,लातेहार स्थित बज्रगृह एवं मतगणना केंद्र बनाये जाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया।इस दौरान उपायुक्त के द्वारा कॉलेज में स्थित कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को बज्रगृह सह मतगणना केंद्र नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# बारियातु में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार, शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थानीय मुखिया सरिता देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु,मुखिया सरिता देवी जिप सदस्य रमेश राम टोटी मुखिया शांति देवी व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में बिस्तृत जानकारी दिया। एवं लोगो से योजनाओं का लाभ लेने का अपील किया। प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी. जिप सदस्य रमेश राम कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार व बीससुत्री अध्यक्ष गंझु, जेएसएलपीएस के दीपक कुमार सिंह के द्वारा झारखंड सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में राज्य सरकार के सभी महत्वकांक्षी योजनाओं के स्टॉल लगाएं गए। कई योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में आन द स्पॉट कई काम किए गये। मौके पर प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के कर्मी एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# काला बिल्ला लगाकर दुसरे दिन भी कार्य किये झासा के अधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले लातेहार में झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी 12 सितंबर व 13 सितंबर 2024 को काला बिल्ला लगाकर कार्य कर किये। मांगों के प्रति कोई ठोस प्रगति नहीं होने पर संघ के पदाधिकारी का कहना है कि आगे हमलोग चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। संघ का आरोप है कि संघ ने लंबित मुद्दों को समय-समय पर राज्य सरकार के समक्ष रखा परंतु अब तक कुछ मांगों को छोड़कर प्रमुख मांगों पर आश्वासन ही प्राप्त हुआ।सरकार के इस उदासीन रवैया से संघ के पदाधिकारी हतोत्साहित हैं और उनमें सरकार के प्रति आक्रोश है।संघ का कहना है कि झारखंड प्रशासनिक सेवा की सेवा पुनर्गठन के नाम पर बिहार प्रशासनिक सेवा का हू ब हू मॉडल थोपा जा रहा है।संघ झारखंड प्रशासनिक सेवा का पुनर्गठन चाहती है परंतु बिहार मॉडल पर आधारित सेवा पुनर्गठन उन्हें मंजूर नहीं।सेवा संरचना को सुधार कर उसे बेहतर बनाने के स्थान पर राज्य सरकार द्वारा गैर राज्य असैनिक सेवा के पदाधिकारी को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति देने की अर्हता को शांत किया गया है। संघ इसका पुरजोर विरोध करता है और कैबिनेट के निर्णय को निरस्त करने की मांग भी करती है।इन सेवाओं के पदाधिकारी अब मात्र 17 वर्ष में भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत हो पाएंगे।

# टाटा कार शोरूम जय मां शारदा ऑटोमोबाइल का हुआ उद्घाटन




**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ टाटा मोटर्स के डीलर जय मां शारदा ऑटोमोबाइल्स का उद्घाटन आईसीआईसी बैंक प्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, होटल लोटस हार्ट्स के प्रोपराइटर संजय साहू के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान टाटा मोटर्स के तरफ से नई कार टाटा कर्व की लांचिंग किया गया। इस दौरान टाटा मोटर्स की नई पेशकश कर्व कार सबके आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी।जिसे नए एटलस प्लेटफार्म पर तैयार किया गया है। मैनेजर अमित तिवारी ने बताया कि बालूमाथ में शोरूम पिछले छह महीने से अधिक समय से संचालित है।लेकिन इसका उद्घाटन आज हो रहा है। हमलोग अपनी तरफ से और बेहतर सेवा देने का भरपूर प्रयास करेंगे। मौके पर डीलर प्रबंधक अमित तिवारी, टीम लीडर कुंदन सिंह, अविनाश गिरी, आर्यन, आशुतोष रंजन समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जंगली हाथीयों ने जमकर मचाया उत्पात, बाउंड्री समेत कई वाहनों को किया छतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला एनएच 22 के किनारे स्तिथ कोमर ग्राम निवासी गोपाल सिंह के कलसाइन फैक्ट्री में जंगली हाथियों के झुंड ने गुरुवार की देर रात जमकर उत्पात मचाया।हाथियों के झुंड ने कलसाइन फैक्ट्री के बाउंड्रीवाल को छह जगह छतिग्रस्त कर दिया। वहीं फैक्ट्री के अंदर खड़े एक एसी बस, ट्रैक्टर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा फैक्ट्री के गोदाम के गेट, दीवार भी तोड़ दिया।मौके पर जानकारी देते हुए फैक्ट्री संचालक गोपाल सिंह ने बताया कि करीब 15 की संख्या में आए हाथियों के झुंड ने फैक्ट्री में उत्पात मचाते हुए करीब 10 लाख रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा बाउंड्री वॉल के बाहर लगे करीब दो एकड़ मकई की खेती को नष्ट कर दिया।आगे उन्होंने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा उनके फैक्ट्री के बाउंड्री को पिछले दो वर्षों के दौरान 5 बार




तोड़ा गया है। लेकिन अब तक वन विभाग की ओर से कोई मुआवजा नहीं मिला है।इस सबंध में बालूमाथ वन विभाग के रेंजर नंदकुमार मेहता से पूछे जाने पर उन्होंने गैर जिम्मेवार बयान देते हुए कहा कि क्या मैने हाथी को भेज दिया है। हाथी ने मेरा भी घर तोड़ दिया है आप मेरा घर आकर ठीक करवा दीजिए। यह सब देखना मेरा काम नहीं है आज के बाद मेरे पास फोन मत कीजिएगा। पीड़ित अब इस असमंजस में है कि अब वो गुहार कहां लगाए। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि हांथी भगाने की मांग वन विभाग से कर चुके है। लेकिन इस पर वन विभाग कोई पहल नहीं कर रहा है। यह वन विभाग की लापरवाही है। अगर जल्द पहल नहीं करता है तो हमलोग कर्मा पर्व के बाद सड़क पर उतर कर आंदोलन को मजबूर हो जाएंगे।

# मायापुर पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** प्रखण्ड के मायापुर पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर राज्य सरकार की पहल के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ बनाना और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करना था। शिविर का उद्घाटन गारु बीडीओ संतोष कुमार बैठा, अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला परिसद सदस्य जीरा देवी, मुखिया सुभाष कुमार सिंह, पशु चिकित्सा प्रभारी अश्विनी कुमार,द्धह्यश्चद्यह्य गौरव कुमार ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वल्लित कर अधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही। शिविर में सरकारी योजनाओं और सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया



गया। प्रमुख सेवाओं में वृद्धावस्था पेंशन, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं का समाधान, और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्रमुख रूप से शामिल थी। शिविर में आए अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और तुरंत समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, कई ग्रामीणों ने मौके पर ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत पंजीकरण कराया और आवश्यक दस्तावेजों का नवीनीकरण भी किया। पंचायत सचिवालय में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाओं का वितरण किया, जिससे विशेष रूप से बुजुर्ग और महिलाएं लाभान्वित हुईं।इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को बीडीओ ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं का लाभ घर के पास ही प्रदान करना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और विकास को बढ़ावा मिले। मौके पर पंचायत के काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# पुलिस चेकिंग अभियान से बिगड़ रहा आम जनता के त्योहारों का बजट : रामाधार पाठक

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रामाधार पाठक ने बयान जारी कर कहा कि कुछ दिनों से लोहरदगा के विभिन्न स्थानों में पुलिस द्वारा हेलमेट, जूता आदि की चेकिंग की जा रही है जिससे आम ग्रामीण जनो में डर का माहौल कायम है। दो दिनों बाद झारखंड के प्राकृतिक पर्व कर्मा है, लेकिन इस तरह के चेकिंग से लोग शहरों में जाकर खरीददारी करने से घबरा रहे हैं। श्री पाठक ने कहा किसान कड़ी मेहनत से खेती बाड़ी करने के बाद अपने उत्पादन को बेचने शहर में जाते हैं, किन्तु इस तरह के चेकिंग अभियान से उन्हें आय से ज्यादा फाइन भरना पड़ रहा है। फाइन के नाम से 1 हजार से 10 हजार रुपये तक कि वसूली प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। चेकिंग अभियान वर्ष भर चलने का कार्यक्रम है तो आखिर त्योहार के दिनों में ही प्रशासन मुस्तैद क्यो हो जाती है। इधर कूछ दिन पहले हाई कोर्ट ने भी इस बात को कहा है कि जब कोई बड़े नेता मंत्री आदि की सवारी निकलती है तब ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद रहती है बाकी के दिनों में वसूली में लगे रहते हैं। इस तरह की घटना पुलिस-पब्लिक के महत्वपूर्ण रिश्तो में सवालिया निशान खड़ा करते हैं। जब तक प्रशासन आम जनो के बारे में सोचने व चिंता करनेवाली नही बनेगी तब तक आम जनो के दिलो में पुलिस का भय कभी खत्म नही होगा।

# उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने मांडू और हजारीबाग विधानसभा क्षेत्रों के बूथों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी विधानसभा को लेकर शुक्रवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त, हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने 24 मांडू विधानसभा एवं 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान इन्होंने 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चुरचू प्रखंड के बूथ संख्या 11, प्राथमिक विद्यालय डूमर, बूथ संख्या 13, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बूथ संख्या 16, बूथ संख्या 17 एवं बूथ संख्या 18 का भौतिक रूप से जायजा लिया। वही 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ संख्या 452, 453, 454 मध्य विद्यालय मोरंगी एवं 455 उत्क्रमित मध्य विद्यालय डेमोटांड का भी जायजा लिया। आयुक्त ने चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं एवं 85 वर्ष या अधिक के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए समुचित व्यवस्था बहाल किए जाने के बाबत संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत दिव्यांग, बुजुर्ग और 85 से अधिक वरिष्ठ मतदाताओं के लिए बूथों में चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही इस हेतु की जानी वाली गतिविधियों यथा इनके निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों की संरचना, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था आदी मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया।

मौके पर आयुक्त के सचिव, सदर ईआरओ एवं एईआरओ, चुरचू ईआरओ एवं एईआरओ, बीएलओ सुपरवाईजर, बीएलओ संग अन्य उपस्थित रहें।

# बरसोत में स्थित एसबीआई एटीएम में चोरी का फिर से किया गया प्रयास

## एक साल पूर्व में भी इसी एटीएम मशीन को उखाड़ ले भागे थे चोर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** गुरुवार रात्रि को बरसोत एसबीआई एटीएम में फिर से चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सका। रोज की भांति सुबह जब मकान मालिक मनोज कुमार उर्फ मणिलाल बाहर निकले तो एटीएम का शटर का ताला टूटा हुआ पाया। इसकी सूचना तुरंत स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी को दिया। मुखिया मोतीलाल चौधरी ने एटीएम के पास पहुंचे और बरही प्रशासन को सूचना दी। जिसके बाद बरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले का जांच किया। हालांकि चोरों ने नगद राशि पर हाथ साफ कर पाया की नहीं इसकी जांच की जा रही है। बताते चलें कि पिछले 27 जुलाई 2023 को इसी एटीएम मशीन को चोरों ने उखाड़ कर ले गए थे और 18 लाख ग्यारह हजार पांच सौ रुपए की चोरी कर घटना को अंजाम दिया था। अपराधी आज तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। उसके बाद भी आज तक सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया चोरों की नजर एटीएम पर है और बेखौफ है। अगर सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध नहीं किया गया तो घटना की पुर्नावृति हो सकती है। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि एटीएम में लगे शटर को चोरों ने तोड़ने का प्रयास कर रहें थे, तब तक उधर से ही बरही थाना की गश्ती टीम गुजर रही थी, जिसे देखकर चोर भाग गए।एटीएम को कुछ नुकसान नहीं पहुंचा है, आगे भी लगातार गश्ती जारी रहेगी।

# बिजली बिल माफी में बिचोलिया का शिकार नही हो बिजली उपभोक्ता : एसडीओ

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार द्वारा 200 केवी के सभी बिजली उपभोक्ताओ का बिजली बिल माफ कर दिया गया है । माह अगस्त 2024 तक नहीं देना होगा बिजली का बकाया बिल सहायक विद्युत अभियंता कृष्णदेव प्रजापति ने बताया कि बिजली बिल माफी के लिए मुख्यमंत्री खुशहाल योजना चलाई जा रही है इसमें किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना है बिल्कुल निःशुल्क है यदि कोई बिजली उपभोक्ता से माफी के नाम पर या ऊर्जा मित्र बनकर पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी बिजली ऑफिस में संपर्क कर जानकारी दे और किसी भी तरह के भुगतान करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं किसी के पास मीटर नही है तो मीटर लगा लेंगे अन्यथा बिजली चोरी के मामले में प्राथमिक दर्ज की जाएगी उन्होंने यह भी बताया की अगले हफ्ते झरपो बिजली सबस्टेशन का उद्घाटन किया जा सकता है।

# नशे में बाइक सवार को दुर्घटना में लगी गंभीर चोट, रेफर



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग एन0एच-522 पर एक सड़क दुर्घटना में एक युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क के किनारे प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक व्यक्ति तेज रफ्तार में विष्णुगढ़ की ओर से होंडा एस.पी साइन, पंजीयन सँख्या जे एच 02 बी जे 3301में आ रहा था। करीब 03:40 अपराह्न चलनिया के पास सागवान ग्रेनरी के पास बाइक अनियंत्रित हो गई,और करीब 30 -40 फीट तक घिसटते हुए बाइक झाड़ियों में जा घुसी और बाइक सवार सड़क पर गिर गया,जिससे बाइक सवार को नाक तथा सिर पर गंभीर चोट आई।बागोदर की ओर जा रहे स्थानीय निवासी बिनोद सिंह ने सड़क दुर्घटना को देखकर रुके और गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को बगोदर की ओर से आ रही ऑटो में लादकर विष्णुगढ़ सीएचसी भेज दिया गया।तत्काल सूचना पाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम घटना स्थल पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए,बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। विष्णुगढ़ सी एच सी में डॉ. योगेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार करते हुए बताया कि इसके नाक टूटी है,सिर पर करीब बारह टांके लगाए गए। घायल नशे की हालत में है,इसे बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग रेफर कर दिया है। दुर्घटना की सूचना पाकर घायल की माता ने बताया कि मेरे बेटे का नाम रूपेश कुमार,पिता-हरि सिंह उम्र करी 30 वर्ष हमलोग विष्णुगढ़ चेडरा के ढंगरटोली निवासी है। मेरा बेटा सरिया चानो अपने ससुराल कर्मा त्योहार मनाने जा रहा था।

# सऊदी अरब में फंसे झारखंड के प्रवासी मजदूरों में 14 मजदूरों की हुई वापसी, 29 का आना शेष



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 प्रवासी मजदूरों में से 14 मजदूर सकुशल अपने वतन लौट आए हैं, जबकि 29 प्रवासी मजदूर अभी भी सऊदी अरब में फंसे हुए हैं, जिसमें हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बलकमक्का के तिलक महतो, उच्चाघाना के नंदलाल महतो, सुनील महतो, करगालो के बहादुर महतो, नागेश्वर महतो, नागी के चुरामन महतो, गाल्होबार के भुवनेश्वर महतो शामिल है। जबकि 29 फंसे मजदूरों की वतन वापसी होना बाकी है। प्रवासी मजदूरों के हित मे कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने कहा कि प्रवासी मजदूर विदेश जाकर वहां पर दलालों के चक्कर में फस जाते हैं, उनकी बड़ी मुश्किल से अपने वतन वापसी हो पाती हैं, इसके बावजूद भी प्रवासी मजदूर पुरानी घटनाओं से सबक नहीं ले रहे हैं, ऐसे में विदेश जाने के बाद मजदूर वहां नहीं फंसे, इसके लिए सरकार को कोई ठोस नीति बनाने की जरूरत है।

# भाजपाइयों ने बरही स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ठहराव की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

## पूर्व विधायक ने सांसद से रेल मंत्री को अवगत कराने व वंदे भारत ट्रेन ठहराव का किया मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** बरही स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। मौके पर उन्होंने कहा की हज़ारीबाग सांसद के माध्यम से उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री से बरही स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के ठहराव की मांग की है। इस मुद्दे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर रेल मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि बरही, एक महत्वपूर्ण स्थल के रूप में उभर रहा है जो देश को विभिन्न भागों से जोड़ता है। इस शहर के भौगोलिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए यहां वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव जरूरी है। उन्होंने बताया कि बरही में इंडस्ट्रियल एरिया और कोबरा 203 समेत कई औद्योगिक इकाइयाँ स्थित हैं, जो इस क्षेत्र को औद्योगिक हब के रूप में विकसित कर रही हैं। ऐसे में वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव यहां के स्थानीय उद्योगपतियों और कामकाजी वर्ग के लिए बड़ी राहत साबित होगा। वहीं प्रदर्शनकारियों ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, राजेन्द्र चन्द्रवंसी, युवा भाजपा नेता आकाश जायसवाल, राजकुमार केशरी, मुन्ना यादव, मो टिंकू आलम, बालेश्वर यादव, मुकेश कुमार, अरविन्द कुमार, बासुदेव यादव, संतोष निषाद, अरविन्द कुमार, कार्तिक भगत, जयप्रकाश केशरी, शिवा निषाद, संजय यादव, इंद्रदेव ठाकुर, रंजीत यादव, सचिन यादव, मनोज उपाध्याय, दीनानाथ यादव, रंजीत यादव समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# धनवार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत आवेदन जमा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं का सीधा लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, समाजसेविका ममता देवी, पंचायत सचिव बुलबुल कुमारी और अंचल उपनिरीक्षक सह राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस आयोजन के दौरान कुल 676 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17 पशुपालन से, 372 अबुआ आवास योजना से, 87 पेंशन से, 110 मइयां सम्मान योजना से, 7 राशन कार्ड के लिए, 3 जन्म प्रमाण पत्र, 7 जाति प्रमाण पत्र, 68 आवासीय प्रमाण पत्र और 5 आय प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाना आसान हो जाता है, जिससे उनकी जरूरतों का समाधान तेजी से हो सकेगा। इस मौके पर प्रधान लिपिक गोपाल राम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी समीर कांत रंजन, कल्याण विभाग पदाधिकारी उपेंद्र कुमार दास, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहन मिर्धा, महेंद्र प्रसाद, जियाउल मुस्तफा, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर जिबलाल कुमार, सहोदर पासवान, समाजसेवी प्रकाश साव स्वास्थ्य सहिया और आंगनबाड़ी सेविका सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिससे स्थानीय निवासियों को योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिल सके।

# भाजपा के आगामी परिवर्तन यात्रा को लेकर की हुई अहम बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय के सभागार में, परिवर्तन यात्रा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक, की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की वही बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री पूर्व विधानसभा स्पीकर सी पी सिंह के उपस्थिति में संपन्न हुई । बैठक का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग जिले में आयोजित होने वाली भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर थी । बैठक में मुख्य अतिथि सी पी सिंह ने आगामी कार्यक्रम की सफलता को लेकर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी लोगों के बीच पहुंचकर वर्तमान सरकार की विफलताओं को बताएगी । उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा आने वाले समय में झारखंड में राजनीतिक परिवर्तन लाने का नीव रखेगी । भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग जिला इकाई इस परिवर्तन यात्रा की सफलता को लेकर के पूरी तरह से तैयार है । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जनता को जागरूक करने का काम करेगी। बैठक में मंच का संचालन जिला महामंत्री सुनील मेहता ने एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू ने दिया । इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ यदुनाथ पांडेय, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव,, किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन, अनुसूचित जाति के प्रदेश नेता विशाल वाल्मीकि, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र केसरी, बरही विधानसभा के प्रभारी विनय सिंह, जिला महामंत्री सुमन सिन्हा , जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू , जिला मंत्री अरविंद सिकरवार जिला मंत्री जय नारायण कुशवाहा , जिला आईटी सेल के संयोजक सुमित लाहेरी, पूर्व जिला अध्यक्ष केपी ओझा, भैया बांके बिहारी ,शंकर लाल गुप्ता महिला मोर्चा के अध्यक्ष साक्षी राणा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकरण पांडेय, जिला अनुसूचित जाति के अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, जिला अनुसूचित जनजाति के अध्यक्ष रमेश हेंब्रम, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी नंदकुमार नंदू एवं सह मीडिया प्रभारी विवेक जोशी उपस्थित थे । इस खबर की जानकारी जिला मीडिया सह प्रभारी विवेक जोशी ने दी ।

# अदाणी फाउंडेशन के कोचिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छह छात्रों ने पाई सफलता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा युवाओं को अग्निवीर और पारा मिलिट्री समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी कराई जा रही है। इसके तहत झारखंड उत्पाद सिपाही नियुक्ति परीक्षा में अदाणी फाउंडेशन के कोचिंग सेंटर से छह छात्रों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। ये सभी गोंदलपुरा और आसपास के इलाकों से आते हैं। इधर, छह अन्य लड़कियों ने, जिन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, लिखित परीक्षा के लिए अदाणी फाउंडेशन के कोचिंग सेंटर में पढ़ने की इच्छा जाहिर की है। ऐसे में इन छह लड़कियों को मिलाकर अदाणी फाउन्डेशन के कोचिंग क्लास से कुल 12 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। इन्हें लगातार अदाणी फाउंडेशन द्वारा शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इससे पहले इसी प्रशिक्षण केंद्र से अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफल छात्रों को अदाणी फाउंडेशन द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। बड़कागांव प्रखंड में अदाणी फॉउंडेशन ने युवाओं की निःशुल्क पढ़ाई- लिखाई के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। इस पहल के तहत अदाणी फॉउंडेशन के विशेषज्ञ शिक्षक और शारीरिक प्रशिक्षक लगातार बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस तैयारी में युवाओं को गणित, तर्कबुद्धि, हिंदी और सामान्य ज्ञान पढ़ाया जा रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की कक्षाओं में मॉक अभ्यास के लिए टेस्ट लिए जाते हैं। शारीरिक प्रशिक्षण के दौरान इनके पोषण का भी ख्याल रखा जा रहा है। छात्रों को भारतीय सेना, पैरामिलिट्री, अग्निवीर, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस समेत अन्य नौकरियों के लिए होने वाली परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा रहा है।

# 17 सितंबर से सांसद खेल महोत्सव के तहत् नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू( हजारीबाग) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामदेव खरिका खेल मैदान में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने किया। बैठक में श्री कुशवाहा ने कहा कि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की सौजन्य से खेल प्रेमियों के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज होगा। खेल का शुभारंभ 17 सितंबर दोपहर को श्री जायसवाल के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। खेल में दारू, टाटीझरिया, चुरचू, इचाक प्रखंड खिलाड़ी ही भाग ले सकते है।साथ ही इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुछ शर्तो का उल्लेख किया गया जिसमें प्रत्येक टीम को प्रवेश शुल्क ?800 लगेगा। सभी मैच निश्चित समय पर होगा जो टीम समय पर नहीं पहुंचेंगे वैसे स्थिति में विपक्षी टीम को वॉक ओवर दे दिया जाएगा। टीम में एक बार खेला हुआ खिलाड़ी दूसरे टीम में नहीं खेल सकता है। रेफरी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। सभी मैच नॉकआउट पद्धति से होगा। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ियों की सूची अनिवार्य है किसी अन्य खिलाड़ियों को जोड़ा या घटाया नहीं जा सकता है। सभी खिलाड़ियों का फोटो एवम् आधार कार्ड देना अनिवार्य होगा। बैठक में संरक्षक दारू प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण,पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, उदय राणा, अनिल शर्मा, राजेश ठाकुर, कैलाश प्रसाद,अध्यक्ष संदीप प्रसाद, उपाध्यक्ष पप्पू राम, वकील राणा, विकास प्रसाद, मुकेश प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, मिथिलेश राम, सचिव सुमित कुमार, सहसचिव अभिषेक, बबलू, रोशन, सुधीर, अंकित, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार, एवं सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

# घनसलैया में तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन




- **खेलकूद के माध्यम से भी युवा अपना भविष्य बना रहे हैं : संजीव बेदिया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत गरसुलाह पंचायत के ग्राम घन सलैया में घन सलैया समाज सेवा समिति द्वारा तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट के विजेता को 15000 एवं उप विजेता को 10000 एवं सेमीफाइनल में पहुंचे हुए टीमों को तीन-तीन हजार रुपया प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। संचालन कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि गुलदस्ता माला पहनकर स्वागत किया गया। मौके पर श्री बेदिया ने संबोधित करते हुए कहा की झारखंड सरकार हम आदिवासियों के लिए एक से बढ़कर एक योजना ला रही है। इस योजना का युवा खिलाड़ी लाभ उठाएं पूरे झारखंड में लगभग 38 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफ किया गया यह सरकार की उपलब्धि है।

मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, लाल बहादुर मांझी, रविंद्र मांझी, कार्तिक मांझी, टुकु मांझी, लक्ष्मण मांझी, दसवीं मांझी, गोसाई महतो, निर्मल बेदिया, अमित किस्को, धनी लाल हांसदा, आकाश टुडू, सूरज टुडू, अमन किस्को, करण टुडू सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

# गझंडी में किया गया तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नरकी पंचायत के ग्राम गझंडी में तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन का झारखंड संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष अनिल कसेरा के द्वारा फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्धघाटन के पश्चात अनिल कसेरा ने किकलगी कर मैच का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला डोम्बाबेड़ा बनाम कोनारडैम गुंदलीटाड के बीच खेला गया। दर्शकों ने अपने-अपने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते दिखे, दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपने बेहतर प्रदर्शन से खेल को रोमांचक मोड़ पर ले आया।अंतिम क्षण में डोम्बाबेड़ा टीम ने कोनारडैम गुंदलीटाड टीम पर 01 गोल से जीत दर्ज कर विजेता टीम बनी। मुख्य अतिथियों द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर झारखंड संघर्ष मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामलाल सोरेन, अध्यक्ष फुलचंद सोरेन, उपाध्यक्ष सोनु सोरेन, सचिव हरिचंद सोरेन, कप्तान प्रदीप मुर्मू ,अनिल सोरेन, बाबुचनद हंसदा, अर्जुन मुर्मू, संजय टुडू, करमचंद मुर्मू समेत सैकड़ों की संख्या मे खेल प्रेमी मौजूद रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल में कर्म पर्व के शुभ अवसर पर झूमर प्रतियोगिता आयोजन किया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को करमा महोत्सव की पूर्व संध्या पर सभी क्लास के सभी बच्चों के बीच झूमर प्रतियोगिता कर्म पर्व के शुभ अवसर पर कराई गई। जिसमें सभी क्लास के बच्चों ने अपने-अपने रूप के साथ पारंपरिक पोशाक पहनकर अखरा में नृत्य किया। जिसमें छोटे बड़े सभी बच्चों ने अपनी सहभागिता भाई-बहन के इस पर्व पर जताई आज के इस पूर्व संध्या कार्यक्रम में डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के प्रधानाचार्य मुकुंद कुमार उप प्रधानाचार्य कुमारी अनीता निर्मला नीतू पुनीत कुमार पूनम बाला शर्मा देव कुमार संजना रीना सविता पुष्पा गुड़िया प्रेरणा आरती शोभा कांत राय और सभी टीचर्स और बच्चों ने एक साथ नृत्य कर करमा पर्व पर अपनी आस्था का परिचय दिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन मिशन हाई स्कूल के खोरठा विषय के शिक्षक चुरामन महतो ने सफलतापूर्वक किया। इस अवसर पर स्कूल के आसपास के ग्रामीण बच्चों के अभिभावक और स्कूल के सभी टीचर्स और कर्मचारी उपस्थित थे।

## सरना आवासीय उच्च विद्यालय कोठार में कर्म गहदम झूमर प्रतियोगिता किया गया आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरना आवासीय उच्च विद्यालय कोठार में शुक्रवार को कर्म गहदम झूमर प्रतियोगिता सह जावा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें झूमर में प्रथम कक्ष तीन या चार द्वितीय कक्ष अष्टम अतिरिक्त कक्ष दशम एवन जावा में प्रथम कक्ष आठे द्वितीय पक्ष दो तृतीया कक्ष तीन स्थान प्राप्त किया जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक किस्टो महतो ने कर्म पर्व को प्रकृति के साथ जोड़ा हुआ पर्व के बारे में विस्तार से बताया साथ ही विद्यालय के पूर्व शिक्षक देवलाल महतो ने बच्चों को कर्म कथा बताई और विद्यालय के शिक्षक पिंकी कुमारी कर्म पर्व में बच्चों के बारे में और बातें बताएं इ। मौके पर सुरेश ठाकुर अभय रंजन हेमन्ती कुमारी सोनिका कुमारी ,नीता कुमारी अविता कुमारी अम्मी कुमारी साथ ही विद्यालय के सभी छात्र और ग्रामीण उपस्थित थे।

## टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और प्रतिभा को बढ़ावा देना : विनोद भोक्ता



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने चतरा सदर प्रखण्ड के मोकतमा पंचायत के ग्राम मोकतमा चरकापीपर में ऑनेस्ट क्लब चरकापीपर द्वारा आयोजित दस दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आज भव्य शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जनता दल के युवा नेता विनोद भोक्ता उपस्थित थे, शिरकत की। टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और प्रतिभा को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक विकास के लिए, बल्कि सामाजिक और मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांव की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना नाम रोशन कर सकते हैं।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया और खेल भावना के साथ टूर्नामेंट का आनंद लिया। यह टूर्नामेंट दस दिनों तक चलेगा, जिसमें कई स्थानीय टीमों के बीच मुकाबला होगा।मौके पर नसरुद्दीन अंसारी अंकित कुमार बालकिशोर महतो सुदेश कुमार कपुर कुमार आदि।

## स्वतंत्रता सेनानी बाबू चुनचुन सिंह की मनी पुण्यतिथि

**सिस्का(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वतंत्रता सेनानी बाबू चुनचुन सिंह की पुण्यतिथि पर अरगड्डा स्मारक स्थल पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्मारक स्थल पर उपस्थित लोगो ने मौन रहकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता मज़दूर नेता मुद्रिका भगत ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आज़ादी के लिये बाबू चुनचुन सिंह के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। देश की आज़ादी मिलने के बाद अपने जीवन काल मे मज़दूरों के हक और उनकी हितों की रक्षा के लिये वे सदैव तत्पर रहे। ट्रेड यूनियन के लंबे कार्यकाल में इन्होंने मज़दूरों की लड़ाई में कभी भी हिंसा का सहारा नहीं लिया। वक्ताओं ने इनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर विजय सिंह, दिवाकर सिंह, डॉ प्रदिप सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय, नवल पांडेय, सोहराय राम, संतराज पासवान, ओम प्रधान, सोलील बनर्जी, आदित्य प्रसाद, बबलू मिश्रा, प्रशांत बेल्थरिया, कृष्णा सिंह, रमेश साव, संजय बोस सहित कई उपस्थित थे।

## जेएलकेएम कार्यालय खुलने से कार्यकर्ताओ को होगा फायदा : संतोष

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के मायैठक यल में शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मुख्य रूप से मौजूद जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री संतोष चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष संतोष टिडुआर, प्रवक्ता तनवीर आलम,द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मायल में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यालय का उद्घाटन होने से कार्यकर्ताओं को काफी फायदा होगा। वे पार्टी की बैठक कर संगठन की मजबूती पर कार्य करेंगे। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर केंद्रीय सचिव संतोष राज, जिला महामंत्री मुख्तार अंसारी, जिला उपाध्यक्ष समसुल अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष मो कासिम, मुजाहिद अंसारी, इसराफिल अंसारी, वारिश अंसारी सहित कई मौजूद थे।

## कर्म परब हमारी संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : कमलेश राम

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के ब्यांग गांव में करम मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह कांके विधानसभा के भावी विधायक कमलेश राम कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। समारोह के दौरान, स्थानीय युवकों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में झारखंड के मशहूर कलाकार नितेश कच्छप, इग्नेश कुमार, सरस्वती बुनकर समेत कई कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में कमलेश राम ने करमा पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला और करम पूजा की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन पर, स्थानीय लोगों ने कमलेश राम से आगामी योजनाओं और विकास कार्यों के संबंध में बातचीत की। इस आयोजन ने क्षेत्र की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को और भी मजबूत किया है। मौके पर रितेश कुमार, ईश्वर महतो, कमलेश महतो, विनय कुमार, ईश्वर चंद्र ईशा, ब्रह्मानंद कुमार, हीरालाल महतो,नवीन कुमार, जगरनाथ महतो, सुबोध कुमार, अरुण कुमार, ब्रजेश सिन्हा, रूकेश कुमार, सिकंदर कुमार, राजेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## छठे दीन उत्तम सयंम धर्म का पूजा पुरे विधि विधान के साथ सम्पन हुआ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एव रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय मे दसलक्षण पर्व के छठे (6) दीन उत्तम सयंम धर्म का पूजा पुरे विधि विधान के साथ सम्पन हुआ । जलाभिषेक,रामगढ़ योगेश सेठी,निशा सेठी,सुभाष सेठी,राजकुमार काला, ऋषभ काला,विनय जैन मिथलेश जैन, अमराव देवी पाटनी,मानिक चंद पाटनी,रांची रोड राजीव जैनशांतिधारा रामगढ़ अशोक काला,अमित काला रांची रोड राजीव जैन कल देर शाम रांची रोड जिनालय मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों के द्वारा धार्मिक भजन गाया गयापरंतु इन्द्रियाँ अपने-अपने विषयों की ओर आत्मा तो आकृष्ट (खींच) करके पथभ्रष्ट कर देती हैं, आत्मविमुख करके आत्मा को अन्य सांसारिक भोगों में तन्मय कर देती हैं, मोहित करके विवेक शून्य कर डालती हैं, जिससे कि साँसारिक आत्मा बाह्म-दृष्टि बन कर अपने फँसने के लिये स्वयं कर्मजाल बनाया करता है। इन्द्रियों का यह कार्य आत्मा के लिये दुख दायक है।मौके पर समाज अध्यक्ष श्री मानिक चंद जैन, मंदिर मंत्री श्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया की कल उत्तम त्याग धर्म का पूजा किया जायेगा

# करमा महोत्सव : प्रकृति-संस्कृति का जीवंत दर्शन है करम त्योहार : चंद्रप्रकाश चौधरी

- आजसू महिला मोर्चा द्वारा डीएवी रजरप्पा मैदान में हुआ करमा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन
- मांदर के थाप पर झूमे गिरिडीह सांसद गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखण्ड के सांडी गांव स्थित डीएवी रजरप्पा मैदान में आजसू महिला मोर्चा द्वारा करमा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान पारंपरिक विधि से सामूहिक करमा पर्व मनाया गया।जिसमें मांदर एवं नगाड़े की थाप पर लोग झूमते नजर आए। करमा महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, सम्मानित अतिथि रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, अमृतलाल मुंडा शामिल हुई। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हम चाहते हैं राज्य सरकार की भी इस करमा पर्व की तरफ ध्यान केंद्रीत करे। साथ ही लगातार उपवास करने वाली हमारी माताएं बहनों को तीन दिन तक अवकाश देने का काम करें। ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाएं इल कार्यक्रम में हिस्सा ले सके। कहा कि प्रकृति-संस्कृति का जीवंत दर्शन है करम त्योहार। वही विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक ने कहा कि यह हमारे झारखंड का प्राकृतिक पर्व है। इसे लोग भूल न जाए इस कारण आजसू पार्टी इस तरह का कार्यक्रम हर साल आयोजित करते हैं ।कार्यक्रम का संचालन आजसू के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा ने किया। आयोजित करमा महोत्सव के दौरान सभी लोग मांदर के थाप पर जमकर झूमे। मौके पर गिरिडीह जिलाध्यक्ष गुड्डु यादव, बड़कीपोना मुखिया अरविंद सिंह,सामजसेवी मुकेश सिन्हा, किरण कुमारी, सुनीता देवी, भानुप्रकाश महतो, दिवाकर नायक, मलेश्वर नायक, टुशील देवी, मनोरमा देवी, शांति महतो, रेणु देवी, लक्ष्मी देवी, नीलम देवी, रजनी राज, लाली महतो, सुशीला देवी, देवंती देवी, सतीश मुंडा, ओमप्रकाश चौधरी, सुराली महतो, रंजीत महतो, अनुराग भारद्वाज, सुबिन तिवारी, राज गिरी आदि थे।

# किरीगढ़ा दर्जनो महिला एवं पुरुष कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** बृहस्पतिवार देर शाम को पतरातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पालू पंचायत के किरीगढ़ा में कांग्रेस पार्टी का मिलन समारोह पंचायत उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान कई दूसरों दलों के सैकड़ो महिलाओं ने विधायक अंबा प्रसाद के विकास नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक अंबा प्रसाद ने अंग वस्त्र प्रदान करके सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ़ एक पार्टी नहीं बल्कि विचारधारा है। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,युवा नेता इमरान अंसारी,वरिष्ठ कांग्रेसी हरिदास साव एवं पार्टी के सदस्यता ग्रहण करने वालों में बृजेश रजवार,आशीष मुंडा, राजेश रजवार, वीरू रजवार, केदार करमाली, काशी सिंह, सुनील सिंह, वीरेंद्र रजवार, सुमित कुमार, संदीप कुमार, राहुल करमाली, उपेंद्र कुमार, चरकु रजवार, पूनम देवी, रीमा देवी, रिंकू देवी, किरण बाला, अनमोल कुमारी, माला देवी, सावित्री देवी, बसंती देवी, सरिता देवी, सुषमा कुमारी, रिंकी देवी, लीला देवी, मूर्ति देवी, ललिता देवी, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, पूजा देवी, संगीता देवी, अमित देवी, बसवा देवी, मीना देवी, सरिता देवी, आरती देवी, सहित कई महिलाएँ पुरुष उपस्थित थे।

### उरीमारी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# गांव के ग्रामीणों को मिल रहा अबुआ आवास व मंइया सम्मान योजना का लाभ : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** हेसाबेडा स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, मुखिया कमला देवी, राकोमयू इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव,पंसस गीता देवी,विशमो सचिव महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि गांव के ग्रामीणो को अबुआ आवास व मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना का लाभ राज्य सरकार दे रही है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न विकास योजना चलाया जा रहा है जिसमें 18 वर्ष से पच्चास वर्ष तक कि महिलाओं को मइया सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। उरीमारी पंचायत में 375 आवेदकों का आवेदन जमा लिया है। इसमे मइंया सम्मान योजना, ग्रामीण बैंक लोन योजना, पशुपालन योजना,



किसान समृध्दि योजना, पीएम किसान योजना, सावित्री बाई फुले योजना, विश्वकर्मा योजना एवं विधवा एवं वृद्धा पेंशन,वोटर कार्ड व आधार कार्ड में सुधार का कार्य किया गया। मौके पर कानू मरांडी, धर्मदेव करमाली, विश्वनाथ मांझी, उपमुखिया सतीश कुमार, पंचायत सचिव जतरू बेसरा, सीगू मांझी, मुनीषराम मांझी,चन्दू जयसवाल,दीपक यादव, किशोर प्रसाद, धनेश्वर महतो,सीतामुनि देवी,गीता देवी,फुलमति देवी, सुषमा श्रीवास्तव, सीडीपीओ किरण प्रसाद, सुनीता देवी,सबी देवी, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, शारदा देवी, सोनी देवी, फरीदा खातून, लालमुनि देवी, शांति देवी, तेतरी देवी, मंजू देवी आदि लोग उपस्थित थे।

# चुनावी रथ लेकर परिवर्तन रैली निकालेगी भाजपा : यदुनाथ पाण्डेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भाजपा जिला कार्यालय में आगामी परिवर्तन रैली को देखते हुए आज विशेस बैठक 11 बजे से संपन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रो0 यदुनाथ पांडे मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं संचालन जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी ने किया एवम सभा की समाप्ति की घोषणा महामंत्री विजय जायसवाल ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अमरेंद्र गुप्ता और चंद्रशेखर चौधरी रणजीत सिन्हा , प्रदेश कार्य समिति सदस्य रंजय कुमार ऊर्फ कुंटू बाबू बड़कागांव ,हजारीबाग के विस्तारक मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित थे। यदुनाथ पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की 2019 में झारखंड विधानसभा के चुनाव में एक शिकारी आया था जाल बिछाया था और उसे के जाल में जनता फस गई थी, जिसका नतीजा है कि झारखंड की जनता 5 साल से त्राहिमाम, हर जगह भ्रष्टाचार, अपराधियों का बोलबाला, मां-बहन तक सुरक्षित नहीं हैं , आए दिन बलात्कार की घटनाएं,



बांग्लादेशी रोहनिया मुसलमान घुसपैठ कर रहे।पाकुड़ ,साहिबगंज, गोड्डा और कई आदिवासी इलाकों में आदिवासियों दलितों से शादी रचाकर यहां की नागरिकता प्राप्त कर के झारखंड की संपदा को लूट रहे हैं। भाजपा की सरकार जब रघुवर दास की सरकार थी तो ऐसा करने की हिम्मत किसी में नहीं था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी जिला मंत्री दिलीप सिंह, अनमोल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भीमसेन चौहान, राजीव रंजन आईटी प्रवीण कुमार सोनू धीरज साहू, किरण देवी लक्ष्मी देवी, स्नेह लता चौधरी , संजय प्रभाकर ,शीतल सिंह, मनोज गिरी, सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

# भारतीय वीर सैनिकों से अनुशासन और समर्पण की सीख लेनी चाहिए : बीएन साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ , 22 झारखंड एनसीसी बटालियन एनसीसी हजारीबाग के सीएटीसी कैंप के अंतर्गत जयवीर टुडू और सोनू करमाली ओटि टेंट पिचिंग में भाग लिए थे इसमें दोनो का शानदार प्रदर्शन रहा। इसमें दोनो कैडेट्स को 22 झारखंड बी एन एनसीसी हजारीबाग के कर्नल हरमीत सिंह और लेफिनेंट कर्नल अंटोनी हेनरी सेलवन ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया इसके बाद दोनो कैडेट्स थल सेना कैंप में शामिल हुए। टीएससी- 1, 2,3 और 12 बिहार एनसीसी समस्तीपुर में भी अच्छा प्रदर्शन करने पर कर्नल रविन्द्र रावत ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया ।12 बिहार एनसीसी समस्तीपुर में कर्नल रविन्द्र रावत ने 2 सितंबर से 13 सितंबर 2024 को बिहार झारखंड के 91 कैडेट्स को किट दिया और हरी झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किए और हार्दिक बधाई दी। जिसमे राधा गोविंद विश्वविद्यालय के दोनो कैडेट्स टी एस सी कैंप दिल्ली में टेंट पिचिंग में ब्राउन मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसकी जानकारी एनसीसी के एएनओ लेफ्टीनेंट डॉ अमन वर्मा ने दी। विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति महोदय बी एन साह ने थल सेना कैंप में चयनित जयवीर टुडू और सोनू करमाली को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस खुशी के अवसर पर विश्वविद्यालय के सचिव महोदया प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट में रामगढ़ कॉलेज विजेता बना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रामगढ़ कॉलेज विजेता बना और गिरिडीह कॉलेज ,गिरिडीह की टीम रनरअप रही। अतिथियों ने गोल्ड और सिल्वर मेडल पहनाकर उनको सम्मानित किया। दोनों टीमों को ट्रॉफियां भी प्रदान की गई।आज हुए टूर्नामेंट के फाइनल के लिए विश्वविद्यालय से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुनील कुमार सिंह, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ और डी.एस. डब्ल्यू. मिथिलेश कुमार सिंह, पूर्व कुलसचिव और पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ वीरेंद्र गुप्ता ने विजेता टीम को बधाई दी। इस टूर्नामेंट के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ राहुल कुमार ने प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे के और सभी कर्मठ सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रोज उरांव, मालिनी डीन और विजेता तिग्गा ने संयुक्त रूप से किया। पूरी ऊर्जा के साथ एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। आज संपन्न इस कार्यक्रम में डॉ आर वी पी देव, प्रो सरिता सिंह, डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ बख्शी ओम प्रकाश सिन्हा, डॉ कामना राय, प्रो रोज उरांव, डा. रामाज्ञा सिंह, डा. अनामिका, डॉ प्रीति कमल, डॉ मालिनी डीन, डॉ बलवंती मिंज, प्रो. विजेता तिग्गा, प्रो. असीम खलखो, डॉ राहुल कुमार, डॉ शालिनी प्रकाश, डॉ नीतू मिंज, डॉ शाहनवाज खान आदि मौजूद थे।

# खेलकूद के माध्यम से भी युवा अपना भविष्य बना सकते हैं : संजीव बेदिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत गरसुल्ला पंचायत के घनसलैया में घनसलैया समाज सेवा समिति द्वारा तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।वहीं इस फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। बता दें कि इस टुर्नामेंट में कुल 16 टीमो ने भाग लिया है। जिसमें प्रथम विजेता 15000 द्वितीय विजेता 10000 एवं सेमीफाइनल में पहुंचे हुए टीमों को तीन-तीन हजार रुपया प्रोत्साहन राशि दिया गया। वहीं घनसलैया समाज समिति के कमेटी के द्वारा मुख्य अतिथि संजीव बेदिया को पुष्पगुछ व माला पहनकर स्वागत किया। वहीं पर संजीव बेदिया ने कहा की झारखंड सरकार हम आदिवासियों के लिए एक से बढ़कर एक योजना ला रही है इस योजना का युवा खिलाड़ी लाभ उठाएं। पूरे झारखंड में लगभग 38 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफ किया गया यह सरकार के उपलब्धि हैं। लग्न और खेल प्रति सकारात्मक ऊर्जा के साथ खेल खेले। जीत निश्चित होगी। खेल से शरीर में तंदुरुस्ती आती है। वहीं इस मौके पर लाल बहादुर मांझी,रविंद्र मांझी ,कार्तिक मांझी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जन संवाद किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** शुक्रवार के दिन रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड के मांडू डीह पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोकारो जिला के लालपनिया के लूगू बुरु घंटा बड़ी से बोकारो जिला और रामगढ़ जिला के लिए मइयां सम्मान योजना का दूसरा किस्त रिमोट का बटन दबाकर बहन बेटियों को एक-एक हजार रुपए का सौगात दिया वहीं मंच से ऐलान किया अब अबुआ आवास के लिए बालू फ्री दिया जाएगा हेमंत सोरेन ने झारखंड के छात्रों के माता-पिता को अब जमीन बेचने की जरूरत नहीं गुरु जी क्रेडिट कार्ड के द्वारा 15 लाख रुपया दिया जाएगा उच्च शिक्षा के लिए बिडीओ कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोगांरी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जन संवाद कराया गया मांडू डी के मुखिया बैजनाथ राम ने अपने क्षेत्र के लाभुकों से सीधा मुख्यमंत्री का संवाद करवाया जिसमें आभार प्रकट करने वालों में कैकशा परवीन अपनी पढ़ाई को लेकर मुख्यमंत्री का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया उस का आभार प्रकट किया।

# जेएसपी पतरातू में कैंसर बचाव एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जेएसपी पतरातू में जिंदल फाउंडेशन के द्वारा आयोजित कैंसर जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम के प्रति समाज के अंतिम व्यक्ति को जागरूक करना था। इस शिविर में रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की डॉक्टर मनीषा, डॉक्टर जानकी, डॉक्टर आरती, मुकुल घोष, टेक्नीशियन पंकज कुमार,भूपेंद्र कुमार, प्रियंका मिंज, शिल्पा संगम के द्वारा कैंसर से बचाव उसकी पहचान और इलाज की विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित विशेषज्ञों ने मुंह, बच्चेदानी,और स्तन कैंसर के बारे में जांच और जानकारी दिया गया ।जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए समाज के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण मानती है। तथा इनके मार्ग दर्शन में बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए जिंदल फाउंडेशन निरंतर प्रयासरत है। इस शिविर में 100 से भी अधिक महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया और उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी उचित जानकारी प्रदान किया गया। शिविर में सीएसआर विभाग से डॉ. मंजू मिश्रा डॉ. दिलीप कुमार ने भी लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दिया ।

# श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हिंदी दिवस पर हमने ठाना है लोगों के मन में हिंदी का स्वाभिमान जगाना है हम सबकी अभिमान है हिंदी ,भारत देश की शान है हिंदी। श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षिकाओं के साथ बच्चों ने मिलकर हिंदी दिवस पर गीत गया । साथ ही हिंदी कविता की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें सभी बच्चों ने हिंदी कविता के द्वारा अपने-अपने भाव प्रकट किए। प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया और और प्राचार्य रीना मंडल ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय भाषा हिंदी का सम्मान करना चाहिए भारत में अलग-अलग भाषाएं हैं पर हिंदी ही वह धागा है जो भारत की विभिन्नताओं को एकता के सूत्र में बांधे है इसलिए हिंदी का सम्मान करना चाहिए हिंदी भाषा भारत का अभिमान है इस कार्यक्रम में संगीता मैडम,गीता चक्रवर्ती ,अनामिका सिंह, कंचन मैडम, स्वेच्छा चौधरी ,आशु मैडम इशा मैडम, कामिनी मैडम, प्रीति मैडम पूजा मैडम, महिमा मैडम और अन्य शिक्षाओं ने हिंदी दिवस पर कविता और जीत के माध्यम से बच्चों के समक्ष अपने भाव प्रकट किए ।

## चलते चलते एक नजर

### लोकतंत्र की चाबी जनता के हाथ में है : मंत्री मिथलेश



**गढवा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जनहित की योजनाओं एवं गढवा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्या से प्रभावित होकर प्रतिदिन दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने का सिलसिला जारी है। गढवा प्रखंड के जाटा पंचायत के मुखिया उदय कुशवाहा सहित विभिन्न गावों के 500 से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। गुरूवार को गढवा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकुद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर गढवा प्रखंड के गांगी, गढवा, प्रतापपुर, मेढना, बेलचंपा, करूआ, बाएं, बनपुरवा आदि गावों के 200 से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। जबकि जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जाटा पंचायत के मुखिया उदय कुशवाहा, रंका के उंचरी में बसपा छोड़कर 200 से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालो ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने एवं राज्य में महागठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र की चाभी जनता के हाथ में होती है।जनता जिसे चाहे उसे अपना प्रतिनिधित्व सौंप सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य में चलायी जा रही जनहित के कार्या से जनता प्रभावित है। पूरे राज्य में लोगों ने पुनः हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनाने का ठान लिया है। उन्होंने कहा कि जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है कि राज्य का भला कौन कर सकता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जब अपने बलबूते पर काफी तेजी से राज्य का चौतरफा विकास करने लगी, राज्य की जनता को उनका हक एवं अधिकार देने लगी तब भाजपाईयों ने साजिश के तहत उन्हें जेल भेज दिया।पार्टी में आवास पर शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भास्कर द्विवेदी, शुभम दुबे, हिमांशु पांडेय, आदित्य दुबे, दीपू चंद्रवंशी सहित 500 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

**जाटा मुखिया उदय कुशवाहा सहित विभिन्न गावों के 500 से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल**

# लातेहार : चुनाव लड़ने के लिए सभी दल के नेता ठोक रहे हैं ताल

संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र

**लातेहार :** झारखंड विधानसभा चुनाव बिलकुल नजदीक है।चुनाव की सरगर्मी अब सर चढ़कर अपना रंग दिखाने लगी है। इससे लातेहार विधानसभा भी अछूता नहीं है। लातेहार झारखंड राज्य का एक महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्र है, जो राज्य की राजनीति में अहम भूमिका निभाता है। यहां की राजनीति में जनजातीय समाज का विशेष प्रभाव है। वर्तमान के चुनावों में लातेहार विधानसभा सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की पकड़ मजबूत रही है। लेकिन भाजपा ने भी कड़ी चुनौती दी है। इस बार लातेहार विधानसभा की बात की जाये तो 2024 का विधानसभा चुनाव बड़ा ही दिलचस्प होने जा रही है।चुनावी समीकरणों के हिसाब से यह एक त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना दिख रहा है। इस क्षेत्र में दो प्रमुख पार्टियां या गठबंधन अपनी स्थिति को मजबूत करने में जोर-शोर से जुटी हुई हैं।

## टिकट पाने के लिए लगा रहे हैं दौड़

जिन्हें चुनाव लड़ना है, वे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टी से टिकट कंफर्म के लिए लगातार संबंधित पार्टी के आलाकमान के टच में हैं।और केंद्रीय कार्यालय का कई बार चक्कर लगा भी चुके हैं। इस बार पुराने उम्मीदवार जो पिछले कई बार से क्षेत्र का प्रतिनिधितत्व कर चुके हैं। उनके लिए भी बहुत बड़ी चुनौती भरी होगी। चुकी लातेहार कि वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक भी पिछे हटने वाले नहीं हैं।इस बार भी दोनों विधायक दावेदारी कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन से वर्तमान विधायक व एनडीए गठबंधन से पूर्व विधायक इनके अलावे भी कई दिग्गज दिग्गज चेहरे सामने हैं। यहां तक की दोनों गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों ने अपनी अपनी प्रत्याशीयों को क्षेत्र में खड़ा कर रहे हैं। इससे साफ स्पष्ट होता है कि निचले स्तर पर गठबंधन में तालमेल कि स्थिति सही नहीं चल रही है।अब देखना यह है कि इस बार क्षेत्र का विधायक कौन? भाजपा की बात की जाये तो सबसे उपर प्रकाश राम का नाम दिख रहा हैं, जो क्षेत्र के पूर्व विधायक हैं। वे क्षेत्र का प्रतिनिधितत्व कर चुके हैं।लेकिन इस बार विकल्प में चेत लाल रामदास का भी नाम आ रहा है। जो प्रबल रुप से दावेदारी कर रहे हैं। और दोनों उम्मीदवारों का जनसंपर्क अभियान जारी है, कई क्षेत्रों का दौरा भी कर चुके हैं। इनके अलावा भाजपा से जीप सदस्य सरोज देवी, ब्रजमोहन राम, संतोष कुमार पासवान समेत कई लोग टिकट के लिए आवेदन दिया है। वहीं एनडीए गठबंधन में आजसू से श्रवण पासवान भी चुनावी ताल ठोक रहे हैं। वे आजसू जिलाध्यक्ष को आवेदन सौंप चुके हैं। अब देखना है कि एनडीए गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी को टिकट मिलती है या आजसू को। वहीं इंडिया गठबंधन की बात की जाये तो झामुमो से वर्तमान मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार वैधनाथ राम का टिकट कंफर्म है।लेकिन गठबंधन पार्टी नहीं मानती है।तो वहीं राजद और कांग्रेस भी अपनी अपनी प्रत्याशी को उतारेंगे।चुकी बैठक के दौरान यह बातें भी सामने आई है कि हमारे प्रत्याशी तैयार है। वहीं राजद से सुरेश राम लातेहार विधानसभा से दावेदारी कर रहे हैं। राजद का कहना है कि लातेहार में मेरा सबसे बेहतर जनाधार रहा है। अगर हमारा प्रत्याशी को टिकट नहीं मिलती है तो राजद का अस्तित्व ख़तरे में पड़ जाएगी। इसलिए हमारी पार्टी को हर हाल में टिकट मिलना चाहिए। कांग्रेस से सुरेन्द्र पासवान, विजेन्द्र कुमार उर्फ पप्पू पासवान,साजन कुमार,गीता देवी इन सभी ने भी दावेदारी की ताल ठोक रहे हैं।लेकिन बातें गठबंधन की है और गठबंधन से किस पार्टी को टिकट मिलती है यह तो आगे ही पता चल पाएगी। कुछ दावेदारों का कहना है कि पार्टी द्वारा टिकट नहीं भी मिलती है तो मैं निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा। कुल मिलाकर इस बार का विधानसभा चुनाव रहस्यमय और काफी दिलचस्प होने वाला है। इधर पॉलिटिकल के जानकार की बात मानें तो लातेहार विधानसभा क्षेत्र में कोई भी उम्मीदवार अबतक लगातार दो बार विधायक नहीं बन सका है।



## भाजपा-जेएमएम सहित अन्य क्षेत्रीय दल भी लगा रहे हैं जोर

यह पार्टी राज्य में प्रमुख ताकत है, और इस क्षेत्र में भी इसका महत्वपूर्ण प्रभाव है। राज्य स्तर पर प्रमुख विपक्षी पार्टी के तौर पर, बीजेपी भी इस सीट पर जीतने के लिए कड़ा संघर्ष करेगी। टक्कर तो भाजपा और झामुमो में ही है। परन्तु कांग्रेस या अन्य स्थानीय पार्टियां जो गठबंधन या निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ सकते हैं। वे भी इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इससे वाकई में त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना बनी हुई है। त्रिकोणीय मुकाबले में जातीय समीकरण, विकास के मुद्दे,और स्थानीय नेताओं का व्यक्तिगत प्रभाव निर्णायक हो सकता है।

### लातेहार का राजनीतिक परिदृश्य

लातेहार विधानसभा क्षेत्र में अधिकांश जनसंख्या अनुसूचित जनजातियों से संबंधित है, जिसके कारण यहां की राजनीति में जनजातीय मुद्दों का विशेष महत्व है। झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस जैसी पार्टियों का इस क्षेत्र में विशेष प्रभाव है। पिछले कुछ चुनावों में झामुमो और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है।

### विधानसभा में प्रमुख मुद्दे

लातेहार क्षेत्र में मुख्य मुद्दे आदिवासी अधिकार, भूमि अधिग्रहण, विकास और रोजगार से संबंधित होते हैं। यहां की जनता के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी एक बड़ी समस्या है। इसके अलावा, माओवादी हिंसा का भी इस क्षेत्र में असर रहा है, जो कि चुनावी मुद्दों में से एक है।




की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार

संदेश

हिंदी दिवस का यह दिन हमारे समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को याद करने और भाषायी विविधता की पहचान को मनाने का दिन है। हिंदी भाषा हमारी पहचान, हमारी सोच और हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा है। यह न केवल एक भाषा है, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का भी एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

हिन्दी राष्ट्रीय एकता का मजबूत आधार है। एक ओर यह देशज जन-भाषाओं और बोलियों से मिलकर संवरी है। दूसरी ओर इसने असंख्य विदेशज शब्दों को आत्मसात किया है। यही हिन्दी की जीवन्तता, गतिमयता और दीर्घजीविता का रहस्य है।

हिंदी भाषा ने हमें एकजुट किया है और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद का सेतु बनाया है। इसका योगदान हमारी साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारी विविधता में एकता को प्रतिबिंबित करता है।

हिंदी दिवस पर, हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी मातृभाषा की रक्षा करेंगे, सरकारी काम-काजों में अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे, इसके प्रचार-प्रसार में सहयोग करेंगे, और इसकी गरिमा को बनाए रखेंगे। खासकर हम अपने युवा वर्ग को हिंदी भाषा के महत्व और उसके समृद्ध साहित्य के प्रति जागरुक करने का प्रयास करें, ताकि यह भाषा भविष्य में भी उतनी ही प्रभावशाली और प्रासंगिक बनी रहे।

सभी राज्यवासियों को हमारी ओर से हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ। आशा करते हैं कि हम सब मिलकर हिंदी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे और इसे हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएंगे।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO-335156 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) 24-25




की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार

**'करम'** प्रकृति की आराधना का पर्व है।
आज जब पर्यावरण असंतुलन के कारण मानवता संकट में पड़ती दिख रही है, ऐसे समय में 'करम' जैसे प्राकृतिक पर्वों की महत्ता बढ़ जाती है। हमारे पूर्वजों ने जब प्रकृति को परमेश्वर का प्रतिरुप मानकर उसकी पूजा-अर्चना प्रारम्भ की, तब उसके पीछे एक सुचिन्तित दर्शन था। एक वैज्ञानिक चेतना थी। यह स्पष्ट समझ थी कि समस्त जीव-जगत एवं वनस्पति जगत के साथ सामंजस्य ही जीवमंडल में संतुलन रख पायेगा। हमारे पूर्वजों ने सात्विक भावना से वृक्षों को ईश्वर माना और नदियों को माँ कह कर पुकारा, आज उनकी इन भावनाओं की पुन: प्रतिष्ठा का संकल्प लें।

PR NO-335843 (IPRD) 24-25 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार